दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 I अंक: 274 | जयपुर, गुरुवार, 12 सितंबर, 2024 I भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-नवमी, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 I मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### रक्षा मंत्री राजनाथ आज जोधपुर में, देखेंगे तरंग अभ्यास



**जोधपुर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को जोधपुर आएंगे। सिंह जोधपुर एयरबेस स्टेशन पर चल रहे तरंग युद्ध शक्ति अभ्यास का निरीक्षण करेंगे। युद्धाभ्यास तरंग शक्ति का समापन 14 सितंबर को होगा। इससे पहले वायुसेना स्टेशन पर 12 सितबर से डिफेंस एक्सपो शुरू हो रहा है, जिसमें स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस, लड़ाकू हेलिकॉप्टर प्रचंड व लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर ध्रुव शामिल है। साथ ही DRDO द्वारा अन्य सैन्य सामग्रियों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। रक्षा मंत्री सुबह 10 बजे दिल्ली से रवाना होकर सुबह 11.10 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

-पेज 4 भी देखें

### मेयर मुनेश गुर्जर को डीएलबी ने जारी किया नोटिस



**जयपुर।** सरकार की ओर से नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी दी है, जिसको लेकर दो सप्ताह बाद सुनवाई होनी है। इसी मामले में बुधवार को डीएलबी ने एक्शन लेते हुए मुनेश को नोटिस जारी किया है। नोटिस में मुनेश पर लगे आरोपों पर जवाब मांगा है, इसके लिए 3 दिन का समय दिया। बता दें कि मुनेश के पति सुशील गुर्जर को पिछले साल 4 अगस्त के दिन एसीबी ने पकड़ा था। इसके बाद से ही जांच लंबित चल रही थी। इस पर सरकार ने अभियोजन स्वीकृति दी थी। DLB ने मुनेश से आरोप पर जवाब मांगा है।

-पेज 3 भी देखें

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

### एक दिन पहले ब्लास्ट की मिली थी धमकी, जांच में जुटी केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां

# रामदेवरा पैदल मार्ग पर मिला जिंदा मोर्टार बम, भक्तों में हड़कंप

**बेधड़क** I जयपुर/ जैसलमेर

बाबा रामदेव के मंदिर (रामदेवरा) को उड़ाने की धमकी के 24 घंटे के अंदर ही बम मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना उस समय सामने आई जब बड़ी संख्या में जातरू बाबा रामदेव के दर्शनार्थ जा रहे थे। इसी दौरान पोकरण क्षेत्र के चाचा गांव के पास रामदेवरा जाने वाले रास्ते पर जिंदा मोर्टार बम मिला। बम की सूचना मिलते ही श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया।

गनीमत रही कि रास्ते से गुजर रहे वाहनों से बम दबा नहीं और फटा नहीं। वर्ना बड़ी जनहानि हो सकती थी। स्थानीय पुलिस की सूचना पर बम डिस्पोजल स्क्वॉड के साथ पुलिस मौके पर पहुंची है। इलाके को सील कर दिया गया है। पुलिस इस बात की जांच में जुट गई है।





#### धमकी वाला पत्र मिला रेलवे क्लर्क को

जिंदा मोर्टार बम मिलने की सूचना मिलने के बाद केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अपने स्तर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल को सील कर दिया गया है और मुआयना किया जा रहा है। साथ ही, जिंदा मोर्टार बम की हर एंगल से जांच की जा रही है। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व ही बाबा रामदेवरा के लिए लाए जा रहे घोड़े में बम रखकर उसे उड़ाने की धमकी मिली थी। यह धमकी भरा पत्र पोकरण रेलवे स्टेशन पर टिकट क्लर्क को मिला था, जिसमें लिखा था कि रेलवे अधिकारी इस पत्र को पुलिस को दे दें। बहरहाल, बाबा के भक्तों द्वारा चढ़ाए गए घोड़ों की जांच की जा रही है।

#### बाबा रामदेव का लक्खी मेला जारी

राजस्थान का महाकुंभ माना जाने वाले लोक देवता बाबा रामदेव का 640वां भादवा मेला चल रहा है। रामदेवरा मेले के दौरान देशभर से लाखों श्रद्धालु बाबा की समाधि के दर्शन के लिए रामदेवरा पहुंच रहे हैं। ऐसे में सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, लेकिन बीती रात बम की धमकी भरा पत्र मिला और फिर करीब 10-12 घंटे बाद बुधवार को चाचा-रामदेवरा कच्चे रास्ते पर बम मिलने से श्रद्धालुओं में दहशत का माहौल है। पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

### राइजिंग राजस्थान समिट: CM ने टोक्यो में की उद्योगपतियों से बात

# जापान भारत में निवेश में अग्रणी टोक्यो प्रगति का प्रतीक : सीएम

- सभी को किया राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित
- उद्यमियों को भेंट की जापानी भाषा में अनुवादित श्रीमद्भगवदगीता की प्रति

**बेधड़क** I टोक्यो/ जापान/ जयपुर

जयपुर में दिसंबर में होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के लिए जापानी उद्योगपतियों को आमंत्रित करने के लिए टोक्यो पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि जापान के उद्यमियों के साथ हो रही इस अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर मीट के जरिए हमारी ऐतिहासिक साझेदारी का नया अध्याय लिखा जाएगा।

जापान भारत में निवेश करने में अग्रणी रहा है और मुझे खुशी है कि मैं आज उस टोक्यो शहर में खड़ा हूं, जो तकनीकी नवाचार, कॉर्पोरेट लीडरशिप, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए दुनिया भर में अपनी अलग पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि टोक्यो नवाचार और प्रगति का प्रतीक है, ये वे विशेषताएं हैं, जिन्हें हम भी राजस्थान में प्रोत्साहित कर रहे हैं।

हमारी सरकार निवेशकों के मुद्दों को सुलझाने और व्यापारिक वातावरण को सकारात्मक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम विशेष रूप से आप जापानी निवेशकों के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करना चाहते हैं, जिससे राजस्थान और जापान के बीच गहरे संबंध बन सकें।




उद्यमियों को भगवत गीता की प्रति भेंट




#### हमारी सरकार ने उठाए कई अहम कदम

सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार ने राज्य ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) के माध्यम से राजस्थान में जल उपलब्धता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जो नीमराणा और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में पानी की जरूरतों को पूरा करने में मदद करेंगे। जापानी कंपनियों की रुचि को देखते हुए नीमराणा से केवल 20 किमी दूर 500 एकड़ में फैले दूसरे जापानी निवेश क्षेत्र का विकास किया गया है। अब हम दो निवेश क्षेत्रों के साथ जापानी कंपनियों के लिए वैश्विक विस्तार का आदर्श स्थान बन सकते हैं। राजस्थान सरकार ने व्यापारिक माहौल को और भी सरल बनाने के लिए नई औद्योगिक नीति, निर्यात प्रोत्साहन नीति, गारमेंट एंड अपैरल पॉलिसी, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स नीति, डेटा सेंटर नीति और एमएसएमई नीति को जल्द ही लॉन्च करने की योजना बनाई है।

#### राजस्थान निवेश के लिए सबसे उपयुक्त स्थान

'इन्वेस्टर मीट' के दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जापान अपने "ओमोटेनाशी" के लिए प्रसिद्ध है, जो आतिथ्य की सुंदर भावना का प्रतीक है। यह आपसी सम्मान और मेहमाननवाजी का भाव हमारी साझेदारी और निवेश के लिए एक स्वागत योग्य वातावरण बनाता है। जापानी निवेशकों के लिए उपयुक्त व्यापारिक वातावरण प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता नीमराण जापानी निवेश क्षेत्र की सफलता से स्पष्ट है, जहां अब 48 से अधिक जापानी कंपनियों ने लगभग 8.34 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है और 26,500 से अधिक लोगों को रोजगार दिया है। सीएम ने कहा, हमारे जापानी निवेशक जानते हैं कि राजस्थान निवेश के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है और जापानी ज़ोन की सफलता ने इस विश्वास को बढ़ाया है।

#### अक्षय ऊर्जा प्रोजेक्ट के साथ ही हरित विकास भी

सीएम ने कहा कि राजस्थान अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा देने के साथ-साथ हरित विकास के लिए समर्पित है। हमारा राज्य अक्षय ऊर्जा के अग्रणी राज्यों में से एक है और सौर ऊर्जा में पहले स्थान पर है। हम सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए सोलर पार्क स्थापित कर रहे हैं, जिससे निवेशकों को यहां बेहतर माहौल मिलेगा। यहां ऑटोमोबाइल उद्योग, इंजीनियरिंग, वस्त्र और इलेक्ट्रॉनिक्स प्रणाली डिजाइन और निर्माण में अपार संभावनाएं हैं। शर्मा ने टोक्यो में नामचीन उद्योगपतियों से मुलाकात भी की।

### 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को सौगात

# आयुष्मान भारत में 5 लाख तक का मुफ्त होगा इलाज कैबिनेट ने लगाई मुहर




**बेधड़क** I नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। ये फैसला बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। अब इस मंजूरी के बाद 70 साल से ऊपर के सभी बुजुर्गों को इस योजना के तहत हर साल 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिल सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रमुख योजना आयुष्मान भारत प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत आय की परवाह किए बिना 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज को मंजूरी दे दी है। इसका लक्ष्य छह 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों वाले लगभग 4.5 करोड़ परिवारों को पारिवारिक आधार पर 5 लाख रुपए के मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवर से लाभान्वित करना है।

#### 55 करोड़ को मिल रही मुफ्त सेवा

पीएमजेएवाई पहले से ही करीब 55 करोड़ लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करा रही है। इस सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसका मकसद हर साल 12 करोड़ परिवारों को 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य कवर देना है, ताकि उन्हें द्वितीयक और तृतीयक अस्पतालों में भर्ती होने की जरूरत पड़ने पर मदद मिल सके।

#### राष्ट्रपति के संबोधन में हुई थी घोषणा

इस नई घोषणा के बाद अब 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को इस योजना का सीधा फायदा होगा। बीते दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद को संबोधित करते हुए कहा था कि सरकार का उद्देश्य है कि 70 साल से ज्यादा उम्र के हर बुजुर्ग को इस योजना का लाभ मिले और वे मुफ्त इलाज पा सकें।

## जयपुर सहित प्रदेश के कई शहरों में भूकंप के झटके

**जयपुर।** पाकिस्तान में बुधवार दोपहर आए 5.8 तीव्रता के तेज भूकंप से धरती कांप उठी। राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के सीमावर्ती जिलों गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, जैसलमेर के एरिया में रहा। जहां हल्के झटके महसूस होने के बाद लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल गए। यह भूकंप भारतीय समयानुसार 12.58 बजे आया और ये पाक के वाहोवा प्रांत के पास आया।

इस भूकंप से राजस्थान, पंजाब और जम्मू कश्मीर के कई हिस्सों में झटके महसूस हुए। श्रीगंगानगर, बीकानेर के एरिया में इस भूकंप से सबसे ज्यादा झटके महसूस किए गए।

-पेज 4 भी देखें

### प्रदेश भाजपा का महासंपर्क अभियान शुरू

# सर्वस्पर्शी अभियान व सर्वव्यापी महाभियान से जुड़ें कार्यकर्ता: मदन राठौड़

- BJP सदस्यता अभियान को लेकर जयपुर की कार्यशाला में दिया संबोधन
- राहुल गांधी विदेश में भारत की प्रतिष्ठा कर रहे हैं धूमिल
- अभियान में मंडल स्तर से मंत्रियों तक दें बढ़ चढ़कर योगदान

**बेधड़क** I जयपुर

देश में बीजेपी का सदस्यता अभियान चल रहा हैं। कार्यकर्ता नए सिरे से बीजेपी की सदस्यता ले रहे हैं। इसी के तहत बुधवार से महा संपर्क अभियान की शुरुआत हो गई है। भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर जयपुर शहर की कार्यशाला में प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने अपना संबोधन दिया। राठौड़ ने कहा कि भाजपा के सदस्यता अभियान में मंडल स्तर से लेकर भाजपा पदाधिकारी, विधायक, सांसद और मंत्रियों तक को बढ़ चढ़कर योगदान करना होगा। संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने प्रदेश को जो लक्ष्य दिया है हमें उसे पूरा करना है। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को घर-घर जाकर आमजन को भाजपा की विचारधारा को बताते हुए सदस्यता ग्रहण करवानी है। सर्व स्पर्शी एवं सर्वव्यापी अभियान के ध्येय को चरितार्थ करते हुए सबको सदस्य बनाना है।



#### राहुल की भाषा खालिस्तानियों जैसी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राहुल गांधी के बयान की निंदा करते हुए कहा कि राहुल गांधी को राष्ट्रीय चरित्र, राष्ट्र भक्ति और राष्ट्र सम्मान सीखने की जरूरत है। सदन में विपक्ष के नेता विदेश में जाकर भारत की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। यह घोर निंदनीय और गलत है। भारत का नागरिक विदेश में जाकर ऐसा कृत्य नहीं कर सकता, देश का एक राष्ट्रभक्त नागरिक ऐसा कार्य नहीं करता, लेकिन राहुल गांधी की भाषा खालिस्तान समर्थकों की भाषा जैसी लग रही है।

#### कार्यशाला में ये रहे मौजूद

जयपुर शहर जिला कार्यशाला में जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड, विधायक गोपाल शर्मा, बालमुकुंदाचार्य महाराज, कालीचरण सराफ, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, मोतीलाल मीणा, सरदार अजयपाल सिंह, भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनिया, भाजपा नेता मुकेश पारीक, राघव शर्मा, जयपुर शहर अभियान संयोजक शैलेंद्र भार्गव, मेयर सौम्या गुर्जर, उप महापौर पुनीत कर्णावट, मोर्चा अध्यक्ष हमीदखान, रक्षा भंडारी सहित भाजपा पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

#### राहुल गांधी अपनी दादी से लें सीख

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने कार्यक्रम के बाद भाजपा कार्यालय में मीडिया से कहा कि राहुल गांधी को अपनी दादी से सीख लेनी चाहिए, जो भारत की प्रतिष्ठा के प्रति सख्त रुख रखती थीं। उन्हें विदेश में भारत के खिलाफ एक शब्द तक बोलने से इनकार करने वाली उनकी दादी का अनुसरण करना चाहिए। राहुल की भाषा खालिस्तान समर्थकों से मिलती है, जो देश को कमजोर करने और सीमाओं पर विवाद पैदा करने का षड्यंत्र है। उन्होंने डोकलाम संघर्ष के दौरान राहुल के चीन में सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की ओर भी इशारा किया।

### विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी दिल्ली दौरे पर... कई केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात

# देवनानी ने केंद्रीय मंत्रियों से की राजस्थान के विकास के मुद्दों पर चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी बुधवार को नई दिल्ली प्रवास पर रहे। उन्होंने केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरन रिजीजू तथा केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी से मुलाकात की।

उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों से राजस्थान और अजमेर के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बीएल संतोष एवं सुनील बंसल से भी मुलाकात कर चर्चा की। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से उनके निवास पर मुलाकात कर देश-प्रदेश से जुड़े विभिन्न विषयों एवं राजस्थान विधानसभा में किए जा रहे नवाचारों पर चर्चा की। साथ ही उन्हें 'हिंदूवा सूर्य महाराणा प्रताप' पुस्तक भेंट की। देवनानी ने उनसे राजस्थान में पर्यटन विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने शेखावत से कहा कि राजस्थान में पर्यटन विकास की दिशा में अधिक कार्य किया जाना चाहिए। इसी तरह अरावली पर्वत श्रृंखला एवं विविध वन्य जीवों एवं वानस्पतिक प्रजातियों से भरपूर अजमेर में भी पर्यटन विकास की विपुल संभावना है। इस दिशा में भी प्रयास किए जाएं।





**बीएल संतोष और सुनील बंसल से भी की शिष्टाचार**

देवनानी ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी से भी भेंट की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री से राजस्थान व अजमेर से सम्बंधित विकास कार्यों के संदर्भ में विस्तृत चर्चा हुई। देवनानी ने बुधवार को अपने दिल्ली प्रवास के दौरान बीएल संतोष और सुनील बंसल से भी शिष्टाचार भेंट कर हाल ही में संपन्न बजट सत्र पर चर्चा की। विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया।

### नवाचारों से कराया अवगत

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने केंद्रीय संसदीय कार्य व अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजीजू से भी शिष्टाचार भेंट की और उन्हें इंडिया अर्थात भारत पुस्तक भेंट की। इस अवसर पर अध्यक्ष देवनानी ने केंद्रीय मंत्री को राजस्थान विधानसभा में शुरू किए जा रहे नेशनल ई विधानसभा एप्लीकेशन प्रोजेक्ट की जानकारी सहित अन्य नवाचारों से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि राजस्थान विधानसभा को पेपर लैस बनाने के लिए नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) का कार्य प्रगति पर है। आगामी विधानसभा सत्र से पूर्व इसकी स्थापना संबंधी कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने प्रोजेक्ट के लिए आवंटित बजट को भी बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने रिजीजू से अजमेर के मामलों पर भी चर्चा की।

## जरूरी खबर

### उपराष्ट्रपति धनखड़ कल प्रदेश के दौरे पर आएंगे



**जयपुर**। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और डॉ. सुदेश धनखड़ शुक्रवार को एक दिवसीय प्रदेश दौरे पर आएंगे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और डॉ. सुदेश धनखड़ 13 सितंबर को प्रदेश के अजमेर, खरनाल और सुरसुरा के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति अजमेर स्थित राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति तेजा दशमी के उपलक्ष्य पर खरनाल (नागौर) और सुरसुरा (अजमेर) में स्थित वीर तेजाजी मंदिरों के दर्शन भी करेंगे।

### घुसपैठियों को नागरिकों का हक नहीं छीनने देंगे



**जयपुर**। राजधानी में लगातार बढ़ रही अवैध बस्तियों और उनमें रोहिंग्याओं के रहने की शिकायतों को लेकर बुधवार को विधायक गोपाल शर्मा ने जायजा लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी साथ थे। विधायक शर्मा ने कहा कि घुसपैठियों को जयपुर वासियों का हक नहीं छीनने देंगे। अतिक्रमण कर अवैध रूप से कुछ लोग रोहिंग्याओं को बसा रहे हैं ताकि उनका वोट बैंक मजबूत हो। ऐसे प्रयास निजी स्वार्थ के कारण शहर में अराजकता को बढ़ावा देने की साजिश है। भाजपा सरकार ऐसे मंसूबों को कामयाब नहीं होने देगी। विधायक गोपाल शर्मा ने बुधवार को सिविल लाइंस क्षेत्र की बस्तियों के दौरे किए और रोहिंग्या बसावट वाले इलाकों का दौरा किया।

### 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट-2024

# प्रदेश में निवेश जुटाना सरकार की प्राथमिकता: राज्यवर्धन

■ बोले- कारोबार की लागत और लालफीताशाही को कम करना सरकार की प्राथमिकता

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में इस वर्ष दिसंबर में जयपुर में आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट 2024 से पहले उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बुधवार को मीडिया को संबोधित किया। मंत्री राठौड़ ने कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को मौजूदा 15 लाख करोड़ रुपए से दोगुना करके 30 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रही है और 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट 2024 के जरिए प्रदेश में निवेश जुटाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राठौड़ ने यह भी कहा कि सरकार 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' के तहत व्यवसाय करने की लागत में कमी लाना और लालफीताशाही को कम करने का निरंतर प्रयास कर रही है, ताकि उद्योग जगत को प्रदेश में काम करने में आसानी हो। 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट 2024 के बारे में बोलते हुए उद्योग और वाणिज्य मंत्री ने कहा कि यह ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट राजस्थान को व्यापार के लिए सबसे अधिक अनुकूल राज्यों में से एक के रूप में प्रदर्शित करने का बेहतरीन अवसर है और इसके लिए राज्य सरकार प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को निवेशक-अनुकूल बनाने के लिए बड़े पैमाने पर प्रशासनिक सुधार कर रही है। राजस्थान में पहली बार वैश्विक स्तर का इंवेस्टमेंट समिट आयोजित किया जा रहा है और इसके लिए भागीदार देशों और भागीदार अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ गठजोड़ किया जा रहा है।




**निवेशक अनुकूल बनाने के लिए बड़े पैमाने पर नीतिगत बदलाव कर रही है सरकार**

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि जिस स्तर पर यह ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित किया जा रहा है, वह सरकार की प्रशासनिक इच्छाशक्ति और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जल्द ही कई नई नीतियां शुरू की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अर्थव्यवस्था के सभी प्रमुख क्षेत्र सरकार के निवेशक-अनुकूल दृष्टिकोण के अनुरूप हों। अपने कार्यकाल के पहले ही वर्ष में ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट आयोजित करने के सरकार के निर्णय पर जोर देते हुए उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने कहा कि पहले ही वर्ष में ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट आयोजित करने से राज्य सरकार अपने कार्यकाल के दौरान होने वाले इस तरह के अगले शिखर सम्मेलनों से पहले इन एमओयू समझौतों को धरातल पर लागू कर सकेगी और इसकी प्रगति की निरंतर समीक्षा करती रहेगी।

RISING RAJASTHAN
9-10-11 DEC 2024 • JAIPUR

### राजस्थान की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने हाल ही में सरकार द्वारा लिए गए एक बड़े निर्णय की भी बात की। इसके तहत कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को विभिन्न देशों और राज्यों में रहने वाले निवेशकों के साथ समन्वय के लिए प्वाइंट ऑफ कॉन्टैक्ट (पीओसी) के रूप में नियुक्त किया गया है। राठौड़ ने कहा कि हम इस शिखर सम्मेलन के माध्यम से रोजगार सृजन और राजस्थान की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम कोशिश कर रहे हैं कि ऐसे कई एमओयू जिन पर हस्ताक्षर हो चुके हैं, उन पर काम इस साल दिसंबर में मुख्य सम्मेलन आयोजित होने से पहले शुरू हो जाए। हमने राजस्थान में व्यापार जगत के लोगों को आमंत्रित करने के लिए विभिन्न देशों और भारत के विभिन्न शहरों में निवेशकों की बैठकें आयोजित करने जा रहे हैं। इसके अलावा दिल्ली में हम जल्द ही इंवेस्टर्स मीट आयोजित करने जा रहे हैं, जिसमें पहली बार हम कई देशों के राजदूतों के साथ एक राउंडटेबल आयोजित करने जा रहे हैं। हमारे पास 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट 2024 को एक शानदार बनाने के लिए आवश्यक राजनीतिक इच्छा शक्ति है।

### 16 से संयुक्त अरब अमीरात और कतर के दौरे पर रहेंगे उद्योग मंत्री

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट 2024 की तैयारी के लिए मुख्यमंत्री और सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी प्रदेश में निवेशकों का स्वागत करने और राज्य में उनकी निवेश परियोजनाओं की स्थापना में मदद करने के लिए कई प्रमुख घरेलू और अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक केंद्रों का दौरा कर रहे हैं। इसी सिलसिले में उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राठौड़ के नेतृत्व में राज्य सरकार का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल 16 से 20 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात और कतर का दौरा करेगा। इस दौरान इन देशों में आयोजित इंवेस्टर्स मीट में यह प्रतिनिधिमंडल इन दोनों पश्चिम एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के निवेशकों और व्यापारिक संगठनों को राजस्थान में निवेश करने के लिए और 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट 2024 में भागीदारी के लिए आमंत्रित करेगा।

### जोराराम कुमावत ने की पहल

# डेयरी का राज्य स्तरीय 'सरस अमृतम' अभियान शुरू

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार ने आमजन को उच्च गुणवत्ता एवं संपूर्ण शुद्धतायुक्त दूध एवं दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत की पहल पर राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन ने सरस दूध एवं दूध से बने उत्पादों की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तरीय 'सरस अमृतम' अभियान शुरू किया है।

फैडरेशन की प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रत्येक जिला दुग्ध संघ स्तर पर एक सर्तकता दल का गठन किया जाएगा जो प्रतिदिन उनके कार्यक्षेत्र में स्थित प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों, बल्क मिल्क कूलर, चिलिंग सेंटर, डेयरी बूथ और सरस पार्लर आदि का औचक निरीक्षण करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि आम उपभोक्ताओं को संपूर्ण शुद्धतायुक्त दूध तथा दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराए जाएं। प्रतिदिन किए जाने वाले निरीक्षण की रिपोर्ट ऑन लाइन गूगल शीट पर अद्यतन करनी आवश्यक होगी।

श्रुति भारद्वाज ने बताया कि आरसीडीएफ द्वारा राज्यभर के जिला दुग्ध संघों में औचक निरीक्षण कर दूध की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जोनल प्रभारी भी बनाए गए हैं, जो विभिन्न जिला दुग्ध संघ की समितियों सहित डेयरी प्लांट, चिलिंग सेंटर आदि का निरीक्षण करेंगे। आरसीडीएफ स्तर पर एक राज्य स्तरीय सर्तकता दल भी गठित है जो विभिन्न जिला दुग्ध संघों का औचक निरीक्षण करेगी तथा कच्चे माल, पैकिंग मेटिरियल और दूध एवं दुग्ध उत्पादों के ऑन द स्पॉट सैम्पल लेकर उनकी जांच करवाएगी ताकि सरस ब्रांड के दूध एवं अन्य उत्पादों की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो।

सरस
स्वाद... राजस्थान का!
राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन लि., जयपुर

### संकुल मुख्यालय में बनाया कंट्रोल रूम

फैडरेशन की प्रबंध संचालक ने बताया कि राज्यभर में डेयरी प्लांटस, चिलिंग सेंटर्स, बीएमसी, डेयरी बूथस और सरस पार्लर आदि पर हाईजिनिक कंडीशंस भी मेंटेन की जाएगी। जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित सरस मुख्यालय में एक कंट्रोल रूम की स्थापना भी की गई है, जिसके मोबाइल नंबर 76100-00671 पर राज्यभर से सरस उपभोक्ता और दुग्ध उत्पादक दूध अथवा दूध से बने सरस उत्पादों की गुणवत्ता की शिकायत कर सकते हैं। गुणवत्ता में शिकायत पाए जाने पर तय प्रकिया अनुसार संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## अतिवृष्टि से हुए नुकसान का होगा सर्वे, प्रभावितों को मिलेगी मदद

**जयपुर**। प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि जयपुर में अतिवृष्टि के चलते जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण में काफी नुकसान हुआ है। सरकार जल्द ही नुकसान का सर्वे करवा कर प्रभावितों तक मदद पहुंचाएगी। जयपुर के ड्रेनेज सिस्टम को बेहतर बनाकर आमजन को जल भराव की समस्या से निजात दिलाया जाएगा। साथ ही अतिवष्टि से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का पुनर्निमाण एवं गुणवत्तापूर्ण मरम्मत करवाई जाएगी। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिले के प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने बजट घोषणाओं पर विभागीय अधिकारियों से बिंदुवार कार्ययोजना एवं कार्य प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जयपुर जिले से संबंधित अधिकांश बजट घोषणाओं के लिए भू आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है।

### नए जिलों को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का पटाक्षेप

# हम संगठन परिवार संभाल रहे हैं... सबको साथ लेकर चलना हमारी परपंरा

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के राज में प्रदेश में बनाए गए नए जिलों को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने स्पष्ट किया कि हम संगठन परिवार संभाल रहे हैं। सबको साथ लेकर चलना हमारी परपंरा रही है। प्रदेश के विकास व इसकी उन्नति के लिए हमारी सरकार हर संभव कदम उठाएगी। नए जिले बनाने के बाद उनके रिव्यू के लिए सरकार ने कमेटी गठित की है। ये सारा काम सरकार का है। हम संगठन का काम देख रहे हैं। कार्यकर्ता ही हमारी ताकत है। उल्लेखनीय है कि पिछली गहलोत सरकार ने प्रदेश में नए जिले बनाने की घोषणा के बाद सियासी गलियारों में ये चर्चा थी कि प्रदेश की भाजपा सरकार इस पर कोई निर्णय कर सकती है।



### सरकार ने किया था हाई लेवल एक्सपर्ट कमेटी का गठन

इसको लेकर भजनलाल सरकार ने 17 नए जिलों के रिव्यू के लिए 12 जून को उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा के संयोजन में एक मंत्रिमंडलीय उप-समिति गठित की थी। मंत्रि मंडलीय उप समिति के सहयोग के लिए पूर्व आईएएस ललित के पंवार की अध्यक्षता में एक हाई लेवल एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने 30 अगस्त को सरकार को रिपोर्ट सौंप दी हैं। पंवार कमेटी ने कई छोटे जिलों को जिले के मापदंडों के हिसाब से सही नहीं माना है। हालांकि अभी इस मामले में सरकार का निर्णय आना बाकी है।

### प्रदेश स्तरीय टोली का किया गठन

## 17 से 2 अक्टूबर तक BJP मनाएगी सेवा पखवाड़ा

**जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती और गांधी जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा देशभर में सेवा पखवाड़ा मनाएगी। सेवा पखवाड़े के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार भाजपा प्रदेश महामंत्री और विधायक जितेंद्र गोठवाल ने प्रदेश टोली का गठन किया। भाजपा महामंत्री गोठवाल ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के लिए प्रदेश से भाजपा के 5 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की प्रदेश टोली गठित की गई है। इनमें पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल, महिला मोर्चा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुमन शर्मा, सवाई माधोपुर जिला प्रभारी प्रणवेंद्र शर्मा, पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धुरेंद्र मेघवाल और उदयपुर जिला महामंत्री गजपाल सिंह को नियुक्त किया गया है। सेवा पखवाड़े की प्रदेश स्तरीय टोली अब जिलों में चार सदस्यों की टोली बनाएंगे, फिर उन्हें जिलों में होने वाले कार्यों की जिम्मेदारी दी जाएगी। महामंत्री ने बताया कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा शुरू करेगी। सेवा पखवाड़े में 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती और 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनाई जाएगी। इस सेवा पखवाड़े में रक्तदान शिविर, स्वच्छता, सचित्र प्रदर्शनी आदि का आयोजन होगा।

**जरूरी खबर**

### अस्थाई अतिक्रमण हटाया, 4 ट्रक और 4 ट्रैक्टर सामान जब्त



**जयपुर।** हेरिटेज निगम की सतर्कता शाखा ने शहर के विभिन्न इलाकों में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। गोविंद मार्ग, फ्रंटियर कॉलोनी, साकेत कॉलोनी, पिंकी स्क्वायर मॉल, सेठी कॉलोनी, ट्रांसपोर्ट नगर, लाल डूंगरी, लक्ष्मी नारायणपुरी, दिल्ली रोड, ईदगाह, बास बदनपुरा, पुरानी चुंगी से लेकर रामगढ़ रोड, जलमहल, आमेर रोड, आमेर मावटा, अली चिकन लाडली जी का खुर्रा, रामगंज बाजार और बड़ी चौपड़ तक कुल 45 स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया। इस कार्रवाई के दौरान 4 ट्रक और 4 ट्रैक्टर सामान जब्त किया गया। इसके साथ ही, परिवहन शुल्क के रूप में 14,000 की रसीद भी जारी की गई।

### जर्जर मकानों-अवैध निर्माण पर आयुक्त ने लिया फीडबैक



**जयपुर।** हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने शहर में जर्जर मकानों और अवैध निर्माण पर हो रही कार्रवाई को लेकर सभी जोन उपायुक्त और शाखा प्रभारियों से फीडबैक लिया। पिछले एक सप्ताह में की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्होंने जल्द से जल्द जर्जर भवनों पर ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। हेरिटेज निगम द्वारा 150 के करीब जर्जर मकानों को चिन्हित किया गया है, जिनमें किशनपोल जोन में सबसे ज्यादा जर्जर मकान हैं। निगम प्रशासन ने पिछले सात दिनों में नौ जर्जर मकानों को ध्वस्त कर दिया है। इसके अलावा, सिविल लाइन जोन में सीज किए गए एक मकान पर नियमों के विपरीत निर्माण कार्य होने पर पुख्ता सीलिंग कार्रवाई की गई है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**साइबर अपराध एवं एससीआरबी डीजी हेमंत प्रियदर्शी ने कहा-संदिग्ध नंबर होगा बंद**

# साइबर फ्रॉड में 'संचार साथी' से मांगें हेल्प, 'चक्षु' को करें शिकायत

**बेधड़क** | जयपुर

व्हाट्सऐप पर वीडियो कॉल, मैसेज के जरिए या फिर मोबाइल फोन पर वोइस कॉल कर ठगी करने का प्रयास करे तो घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसे मामले में भारत सरकार के दूरसंचार विभाग के पोर्टल पर 'संदिग्ध फ्रॉड' के मामलों को रिपोर्ट किया जा सकता है।

डीजी (साइबर अपराध एवं एससीआरबी) हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि साइबर ठगी के मामलों में आम नागरिकों की सुविधा और जागरूकता के लिए भारत सरकार ने कई पहल की है। भारत सरकार के दूर संचार विभाग के पोर्टल www.sancharsaathi.gov.in पर लोगों की सहायता के लिए कई फीचर्स उपलब्ध हैं।




**आपके नाम से दूसरी सिम तो नहीं?**

डीजी (साइबर अपराध एवं एससीआरबी) ने बताया कि 'संचार साथी' पोर्टल पर उपलब्ध एक अन्य महत्त्वपूर्ण सुविधा के तहत कोई भी व्यक्ति यह चैक कर सकता है कि जिन दस्तावेजों के आधार पर उस व्यक्ति का 'मोबाइल नम्बर' चल रहा है, उन्हीं दस्तावेजों के आधार पर गलत तरीके से कोई अन्य व्यक्ति दूसरी सिम का इस्तेमाल तो नहीं कर रहा है। उन्होंने बताया कि दूर संचार विभाग भारत सरकार का यह पोर्टल जनता को साइबर ठगी के प्रयास से बचाने के लिए अत्यंत कारगर हो सकता है। साइबर ठगी या 'संदिग्ध फ्रॉड' के प्रकरण में इस पोर्टल पर जाकर शिकायत दर्ज कराएं।

### 'सिटीजन सेंट्रिक सर्विसेज' में दर्ज कराएं शिकायत

डीजी ने बताया कि 'व्हाट्सऐप मैसेज'या 'व्हाट्सऐप कॉल' के माध्यम से 'संदिग्ध फ्रॉड' के प्रकरणों की शिकायत/जानकारी 'संचार साथी' पोर्टल पर 'सिटीजन सेंट्रिक सर्विसेज' के तहत उपलब्ध 'चक्षु' के लिंक पर जाकर दर्ज कराई जा सकती है। इस पोर्टल पर जानकारी हिन्दी में भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि 'चक्षु' पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद दूरसंचार विभाग की ओर से आवश्यक जांच-पड़ताल की जाती है। फिर संदिग्ध नम्बर को बंद करने एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है।

### नए नए तरीके अपना रहे हैं साइबर ठग

डीजी (साइबर अपराध एवं एससीआरबी) ने बताया कि साइबर अपराधी लोगों को अपने जाल में फंसाने के लिए ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। 'व्हाट्सऐप मैसेज', 'व्हाट्सऐप कॉल' के जरिए ठगी करने की कोशिश करते हैं। अश्लील वीडियो कॉल कर संभलने तक तो वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने की कोशिश करते हैं। झूठे प्रलोभन देकर कोई एप डाउनलोड करवाकर या कोड मांग कर बैंक अकाउंट खाली कर लेते हैं।

**राजधानी में बारिश में टूटी सड़कें सुधरवाने का काम चार विभागों में बांटा**

# 80 फीट से चौड़ी सड़कें JDA बनाएगा उससे कम चौड़ी नगर निगम के जिम्मे

**मेंटेनेंस की जिम्मेदारी PWD के पास, नगर निकाय विभाग ने जारी की गाइड लाइन**

**बेधड़क** | जयपुर

बारिश में क्षतिग्रस्त हुई जयपुर शहर की सड़कों को सुधारने का काम चार विभाग जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, आवासन मंडल और सार्वजनिक निर्माण विभाग करेंगे। इसके लिए इनके बीच बीच काम का बंटवारा किया गया है। इसके साथ ही रोड का निर्माण, मरम्मत और रखरखाव करने वाली संबंधित संस्था को ही ड्रेनेज, फुटपाथ, सर्विस रोड और प्लांटेशन जैसे काम करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसे लेकर नगर निकाय विभाग की ओर से गाइडलाइन जारी की गई है। इस गाइड लाइन में किस विभाग को क्या-क्या करना है, इसका जिक्र किया गया है। नगरीय विकास विभाग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार जयपुर नगर निगम हेरिटेज क्षेत्र में परकोटे के बाहर स्थित सड़कें, जो 80 फीट या उनसे अधिक चौड़ाई की है। उनकी मरम्मत और नवीनीकरण का काम जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा करवाया जाएगा। जबकि 80 फीट से कम चौड़ाई वाली सड़कें जो पराकोट में स्थित है। उन सभी की मरम्मत और नवीनीकरण का काम नगर निगम हेरिटेज द्वारा अपने स्तर पर करवाया जाएगा। वहीं सड़कों के मेंटनेंस का काम पीडब्ल्यूडी को दिया गया है।



### डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड में कार्यकारी एजेंसी ही संभालेगी मरम्मत का काम

जयपुर में बनी कोई भी सड़क, जो डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड में है तो उसकी मरम्मत, नवीनीकरण और रखरखाव का काम संबंधित कार्य योजना, प्रोजेक्ट और बजट घोषणा के तहत निर्माण हेतु नियुक्त की गई कार्यकारी एजेंसी द्वारा ही किया जाएगा। डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड में आने वाली सड़कों की मरम्मत नहीं होने पर इसके लिए संबंधित कार्यकारी एजेंसी ही जिम्मेदार होगी। जयपुर शहर में सड़कों के रखरखाव, मरम्मत और नवीनीकरण के कार्यों में किसी भी स्थिति में प्रोजेक्ट या एक दूसरे के क्षेत्राधिकार में दोहराव (फिर से काम) नहीं किया जाए। शहर की सभी सड़कों की सड़क सीमा में साफ-सफाई, बड़े नालों सहित समस्त नालियों की सफाई का काम क्षेत्र के अनुसार नगर निगम ग्रेटर और नगर निगम हेरिटेज द्वारा किया जाएगा।

### नगर निगम को ट्रांसफर नहीं की गई सड़कें HB के हिस्से में

राजस्थान आवासन मंडल की योजनाएं, जो जयपुर नगर निगम को अब तक ट्रांसफर नहीं की गई है। उन सड़कों के रखरखाव, मरम्मत और नवीनीकरण का काम आवासन मंडल द्वारा ही करवाया जाएगा। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सड़कों की प्राथमिकता तय कर मरम्मत और नवीनीकरण संबंधी काम करवाए जाएंगे। सड़क के नवीनीकरण और मरम्मत के साथ सड़क पर ड्रेनेज, फुटपाथ, सर्विस रोड और प्लांटेशन जैसे काम और रखरखाव भी एक ही एजेंसी (जो संस्था सड़क का निर्माण कर रही है) द्वारा किए जाएंगे। अब से किसी भी विभाग या संस्था द्वारा रोड कटिंग की परमिशन का आवेदन उसी संस्थान में किया जाएगा, जो संस्थान उस सड़क का निर्माण करेगी। अगर किसी और संस्था में रोड कटिंग की राशि जमा हो जाती है। तो संबंधित राशि को रोड बनाने वाली संस्था में जमा करना अनिवार्य होगा। जयपुर शहर में सार्वजनिक निर्माण विभाग के क्षेत्राधिकार की सड़कों के मरम्मत, नवीनीकरण और रखरखाव जैसे काम सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा ही करवाए जाएंगे। किसी भी स्थिति में उन सड़कों का रखरखाव, मरम्मत और नवीनीकरण का काम जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा नहीं होगा।

**पानी नहीं आने से भड़का आक्रोश**

## रेजिडेंट डॉक्टर्स ने बर्तन लेकर प्रिसिंपल ऑफिस में किया हंगामा



**बेधड़क** | जयपुर

सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट हॉस्टल में 24 घंटे लाइट नहीं आने के बाद अब पानी नहीं आया। परेशान डॉक्टर्स हाथ में बाल्टियां और बर्तन लेकर उन्हें बजाते हुए मेडिकल कॉलेज पहुंचे। प्रिसिंपल ऑफिस में जाकर जमकर हंगामा किया। प्रिसिंपल चैम्बर के बाहर डॉक्टर्स ने बाल्टियां बजाकर पानी की मांग की। रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मनोहर सियोल ने बताया कि हॉस्टल में आए दिन कोई न कोई समस्या रहती है। मंगलवार को पूरे दिन और रात हॉस्टल में लाइट नहीं आई। बुधवार सुबह जब लाइट आई तो दोपहर 2 बजे तक पानी नहीं आया। इस कारण डॉक्टर्स न तो स्नान कर सकें और न ही दूसरे काम। उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल में पीने के पानी की समस्या के अलावा साफ-सफाई भी समय पर नहीं होती। पिछले कुछ दिनों से वॉशरूम में समय पर सफाई नहीं होने, सीवर चैंबर्स ब्लॉक होने की कई शिकायतें प्रशासन से की, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया।

**प्रशिक्षण शिविर में महापौर सौम्या ने किया मोटिवेट**

## छात्रों को नैतिकता, छात्राओं को सिखाई आत्मरक्षा

**बेधड़क** | जयपुर



शक्ति वंदन 2.0 के तहत बुधवार को वार्ड नं. 70 स्थित राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल मानसरोवर में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की खास बात यह रही कि शिविर में 5वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों को भी नैतिकता का पाठ पढ़ाने के साथ-साथ छात्राओं को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दी गई। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने सभी छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेने के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही प्रशिक्षण शिविर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली 5 छात्राओं को मौके पर ही प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित भी किया। शिविर में महिला एवं बाल विकास समिति की चैयरमेन डॉ. मीनाक्षी शर्मा, पारस जैन, स्थानीय पार्षद रामावतार गुप्ता मौजूद रहे। महापौर ने इस अवसर पर कहा कि बचपन से ही बच्चों की जड़े संस्कारित की जाएं तो बच्चे वटवृक्ष की भांति स्वयं की रक्षा तो करेंगे ही, बल्कि दूसरों की भी सुरक्षा करने में समर्थ हो पाएंगे। महिला एवं बाल विकास समिति की चेयरमैन मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि समाज में जो विकृति आई है उसे हटाने के लिए आत्मरक्षा के गुर सीखना जरूरी है। विद्यालय की प्रिंसीपल अनु चौधरी ने छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

**महापौर मुनेश गुर्जर के समर्थन में आया सर्व समाज**

## उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर जांच की अपील



**बेधड़क** | जयपुर

'महापौर मुनेश गुर्जर को जबरदस्ती फंसाया जा रहा है। उनके पति प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं की उनको किसी भी प्रकरण में फंसाया जाए। यदि सरकार ने हमारी मांगें नहीं मानी तो हम खुली चुनौती भी देंगे। हमारी सरकार से अपील है कि एक कमेटी गठित करके मुनेश गुर्जर के खिलाफ जो भी प्रकरण सामने आया है, उसकी फिर से उच्च स्तरीय जांच की जाए ताकि दूध का दूध पानी का पानी हो सके।' यह कहना था गुर्जर समाज के साथ अन्य समाज और संगठनों के अध्यक्ष और पदाधिकारियों का जो महापौर मुनेश गुर्जर के खिलाफ हो रही कार्रवाई से नाराज हैं। इस अवसर पर रामगोपाल मेहरा अध्यक्ष जयपुर मेहरा समाज, देवनारायण गुर्जर-राष्ट्रीय अध्यक्ष अखंड भारत गुर्जर महासभा, मनीष-अध्यक्ष गुर्जर समाज, मोहनलाल वर्मा-प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजस्थान गुर्जर महासभा, गोविंदपुरी गोस्वामी-अध्यक्ष गोस्वामी समाज, पवन शर्मा-अध्यक्ष बिहार समाज, गौरव गुर्जर-प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान गुर्जर महासभा (युवा प्रकोष्ठ) आदि के साथ बड़ी संख्या में गुर्जर समाज और अन्य समाजों के लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में मुनेश गुर्जर के खिलाफ हो रही कार्रवाई को रोकने और उसकी जांच करके ही कोई कदम उठाने की मांग की।

**चौमूं के विजयवर्गीय बर्फी वालों के कारखाने पर छापा**

# दो दिन पहले डाले गए तेल को बिना बदले उसी में बना रहे थे नमकीन

**जंग लगी अलमारी में रखी थी मिठाई, चारों तरफ फैली थी गंदगी**

**बेधड़क** | जयपुर

जंग लगी अलमारी में मिठाई रखी हुई थी। चारों तरफ गंदगी फैली हुई थी। दो दिन पहले डाले गए तेल को बिना बदले उसी में ही लगातार नमकीन बनाई जा रही थी। यह हालत थी चौमूं के विजयवर्गीय बर्फी वालों के कारखाने की, जब खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने वहां पर छापा मारा। यह कार्रवाई राजस्थान में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार के तहत खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में की गई।

टीम ने विजयवर्गीय स्वीट्स के कारखाने का निरीक्षण किया गया तब काली दीवारें पाई गई जो बिना प्लास्टर और बिना रंग के थी। बहुत सारी खाद्य सामग्री बिना ढंके हुए रखी पाई गई। साथ ही मिठाइयों में कृत्रिम रंगों का प्रयोग होता हुआ पाया गया। मौके पर ऐसे बहुत सारे कृत्रिम रंगों के डिब्बे पाए गए, जिन्हें जप्त किया गया।



### बिना ढंकी नाली के पास बनाई जा रही थी मिठाई



पंकज ओझा ने बताया कि जहां मिठाई बनाई जा रही थी, वहां बीचों बीच गंदे पानी की बिना ढंकी नाली भी पाई गई, साथ ही जहां पर नमकीन तली जा रही थी, वहां पर भयंकर गंदगी थी। तेल से दीवारें, खिड़कियां, दरवाजे सभी चिकने और काले पड़ चुके थे। नमकीन तलने की कढ़ाई जैसे कभी साफ नहीं की गई, और काली पड़ी हुई थी। उन पर मेल जमा था। पंखे, दीवारें सभी पर मालिख जमी हुई थी। और जहां भंडार सामग्री रखी रही थी वह कमरा बहुत ही खराब स्थिति में पाया गया। बेसन आदि सारी सामग्री बिना किसी स्टैंड पर रखे सीधे नीचे जमीन पर रखी हुई थी। जिस तेल में नमकीन बनाई जा रही थी उसे दो दिन से बदला नहीं गया था, उसका सैंपल भी लिया गया है।

### सैंपल लिए, दिया नोटिस



पंकज ओझा ने बताया कि कार्रवाई के दौरान मौके पर चूहा भी दौड़ते हुए मिला। साथ ही जिस अलमारी में लड्डू बनाकर रखे हुए थे, वह बहुत पुरानी लोहे की थी और जंग लगी हुई थी। जहां पर मिठाइयां बन रही थी, वहां दीवारों पर ऊपर काफी मेल की लेयर्स जमा थी। इस प्रकार बहुत सारी अनियमितताएं मिली जो कि फूड लाइसेंस की शर्तों का सीधा उल्लंघन है। देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे वर्षों से न कारखाने की दीवारों और छतों को साफ किया गया है, ना प्लास्टर किया गया है। ओम विजय वर्गीय स्वीट्स चोमूं को नोटिस दिया गया है। साथ ही मिठाइयों के सैंपल भी लिए गए हैं, जिन्हें अग्रिम कार्रवाई के लिए लेबोरेटरी में भेजा जा रहा है। साथ ही रंगों के डिब्बे भी जप्त किए गए हैं। मौके पर सीएमएचओ प्रथम की टीम ने कार्रवाई की, जिसमें रतन गोदारा, नरेंद्र शर्मा, नरेश चेजारा, पवन गुप्ता, शामिल थे।

## जरूरी खबर

### मंत्री जोराराम पहुंचे रामदेवरा, दर्शन कर पूजा-अर्चना की



**जैसलमेर।** प्रदेश के देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत बुधवार को जैसलमेर जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान वे रामदेवरा स्थित लोक देवता बाबा रामदेव के समाधि स्थल पहुंचे। यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। मंत्री ने बाबा की समाधि पर चादर चढ़ाई और मुख्य पुजारी ने मंत्री को पूजा करवाई। इससे पहले मंदिर परिसर में पहुंचने पर गादीपति राव भोमसिंह तंवर ने मंत्री का स्वागत किया। मंत्री ने रामदेवरा में अन्य कार्यक्रमों में शिरकत कर लोगों से मुलाकात की।

### पाक के सीमावर्ती इलाकों में भूकंप के झटके

**जैसलमेर।** पाकिस्तान में बुधवार दोपहर आए 5.8 तीव्रता के तेज भूकंप से राजस्थान में भी धरती कांप उठी। इस भूकंप का असर सीमावर्ती जिले गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, जैसलमेर के एरिया में रहा, जहां हल्के झटके महसूस होने के बाद लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल गए। मौसम विभाग के मुताबिक भूकंप भारतीय समयानुसार 12.58 बजे आया और ये पाकिस्तान के वाहोवा प्रांत के पास आया। इस भूकंप से राजस्थान, पंजाब और जम्मू कश्मीर के कई हिस्सों में झटके महसूस हुए। राजस्थान में श्रीगंगानगर, बीकानेर के एरिया में इस भूकंप से सबसे ज्यादा झटके महसूस किए गए। जैसलमेर, हनुमानगढ़ और चूरू के कुछ ग्रामीण एरिया में भूकंप के बहुत हल्के झटके महसूस किए गए।

### मूसलाधार बारिश... पांचना बांध के तीन गेट खोले



**भरतपुर।** प्रदेश में भरतपुर संभाग के करौली, सवाई माधोपुर, धौलपुर और भरतपुर जिलों में एक बार फिर मानसून की सक्रियता से स्थिति गंभीर हो रही है। जानकारी के अनुसार भारी बारिश के कारण बुधवार को करौली के पांचना बांध में उच्चतम जल भराव क्षमता 258.62 मीटर के मुकाबले बांध का जल स्तर 258.20 मीटर पर पहुंचने पर बांध के तीन गेट खोलकर 3936 क्यूसेक पानी की निकासी शुरू की गयी है। इधर, चंबल नदी में लगातार हो रही पानी की आवक से धौलपुर में नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है।

## सांवलियाजी में तीन दिवसीय जलझूलनी एकादशी मेला कल से... होंगे कई कार्यक्रम

# चांदी के रथ पर सवार होकर सांवलिया सेठ करेंगे नगर का भ्रमण

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

मेवाड़ के प्रख्यात कृष्णधाम श्री सांवलियाजी मंदिर मंडल मंडफिया की ओर से तीन दिवसीय विशाल जलझूलनी एकादशी मेला 13 से 15 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। मेले में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा एवं भव्य विशाल शोभायात्रा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मंदिर मंडल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि 13 सितंबर को दोपहर 12:15 बजे मेले का शुभारंभ होगा। दोपहर 2 बजे श्री सांवलिया सेठ की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा रात्रि 9 बजे अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। इसमें सुरेंद्र शर्मा, अरुण जेमिनी, जानी बैरागी, सत्यनारायण सतन, विवेक पारीक, भुवन मोहनी एवं विष्णु सक्सेना सहित विभिन्न कवि काव्य पाठ करेंगे। मेला ग्राउंड के मीरा रंगमंच पर भव्य भजन संध्या व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जिसमें तारक मेहता के उल्टा चश्मा के फेम तनमय बकरिया (बागा) एवं हिमांशु बवंडर सहित विभिन्न कवि प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम रेफरल चिकित्सालय के पास बाईपास स्टेज पर होगा। रात्रि 9 बजे से भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन मेला ग्राउंड मीरा रंगमंच एवं गोवर्धन रंगमंच स्टेज पर आयोजित होगा।



### उड़ेगी गुलाल, हेलिकॉप्टर से होगी पुष्प वर्षा

मेले के मुख्य दिवस 14 सितंबर को दोपहर 12 बजे श्री सांवलिया सेठ की विशाल रथयात्रा मंदिर परिसर से रवाना होगी, जो सांवलिया सरोवर पर जाएंगे। भगवान को चांदी के रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण होगा। वहीं श्रद्धालु इस रथ को खींचेंगे। भगवान के चांदी के रथ में विराजमान कर हेलिकाप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी। शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की अलग-अलग झांकियां होगी, जो आकर्षण का केंद्र बनेगी। रात 8 बजे शोभायात्रा के समापन पर भव्य आतिशबाजी होगी। रात्रि 9 बजे भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन मेला ग्राउंड मीरा रंगमंच गोवर्धन रंगमंच पर होगा। कार्यक्रम में राज पारीक, छोटू सिंह रावणा एवं सवाई भाट द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं अलग-अलग मंच पर पूजा नाथानी, सुरभि चतुर्वेदी एवं भगवत सुथार मय दल अपनी प्रस्तुति देंगे।

### सांस्कृतिक संध्या के साथ होगा समापन

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि मेले के अंतिम दिन 15 सितंबर को समापन समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। इसके बाद दिव्यांग जन को मोटर राइजल्ड व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। भव्य रंगारंग आतिशबाजी के साथ मेले का समापन होगा।

## राजनपुरा गांव में घरेलू हौद की खुदाई के दौरान हुआ हादसा

# चाचा को बचाने आए दो भतीजे भी मिट्टी में दबे... तीनों की मौत

**बेधड़क** | सीकर

जिले के दांतारामगढ़ के राजनपुरा गांव में घरेलू हौद की खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से बुधवार को तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद करीब 20 फीट नीचे दबे शवों को जेसीबी की सहायता से निकाला गया। मृतकों में दो भतीजे और एक चाचा है।

दातारामगढ़ थाने के डीवाईएसपी जाकिर अख्तर ने बताया कि राजनपुरा गांव में ईश्वर सिंह बुरडक के खेत में पानी का हौद बनाने के लिए मिट्टी की खुदाई की जा रही थी। खुदाई का कार्य किशन सिंह और उसका भाई राम सिंह कर रहे थे। बुधवार दोपहर को किशनसिंह उम्र 40 वर्ष मिट्टी की खुदाई कर रहा था और राम सिंह मिट्टी को बाहर निकाल रहा था कि इस दौरान मिट्टी का कटाव हो गया, जिससे मिट्टी ढह गई।

मिट्टी में दबे चाचा को बचाने के लिए 2 भतीजे भी आए, लेकिन वो भी अपने पिता के सामने ही 20 फीट गहरे गड्ढे में मिट्टी में दब गए। करीब 45 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को गड्ढे से बाहर निकाल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।





### मरने वाले रिश्ते में चाचा भतीजे

राजनपुरा गांव में घरेलू हौद की खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से हुए हादसे में मारे गए तीनों लोग रिश्ते में चाचा-भतीजे थे। दांतारामगढ़ डीवाईएसपी जाकिर अख्तर ने बताया कि थाना क्षेत्र के राजनपुरा गांव निवासी किशन सिंह (40) उसके बड़े भाई राम सिंह के बेटे राहुल (16) और विक्की उर्फ विकास (15) की मिट्टी में दबने से मौत हो गई है। गांव में ईश्वर बुरडक के खेत में बने मकान में हौद बनाने के लिए खुदाई का काम चल रहा था। किशन सिंह और उसका बड़ा भाई राम सिंह खुदाई का काम कर रहे थे। किशन सिंह जमीन के अंदर 20 फीट की गहराई में मिट्टी खोद रहा था, वहीं बड़ा भाई रामसिंह मिट्टी को बाहर निकालने का काम कर रहा था। इसी दौरान मिट्टी का कटाव हो गया और किशन सिंह अंदर दब गया। इसी दौरान राम सिंह के बेटे राहुल और विक्की यहां अपने पिता और चाचा को चाय देने आए थे। चाचा को मिट्टी में दबा देख दोनों मदद के लिए दौड़े और मिट्टी को हटाने में पिता की मदद करने लगे। इसी दौरान दोनों भाइयों की तरफ से मिट्टी का कटाव हो गया और दोनों गड्ढे में मिट्टी में फंस गए। उस दौरान चाचा किशन और भतीजे राहुल और विकास की मौत हो गई।

### 45 मिनट बाद JCB से बाहर निकाले शव

तीनों के मिट्टी में दबने की सूचना के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। करीब 45 मिनट तक जेसीबी की सहायता से तीनों को बाहर निकलने का प्रयास किया गया। तीनों को बाहर निकाला उसके बाद अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर्स ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

## लिफ्ट लेकर बैठा था, ट्रैक्टर पलटने से गई जान

**जैसलमेर।** जिले के मोहनगढ़ नहरी क्षेत्र में एक युवक लिफ्ट लेकर ट्रैक्टर पर चढ़ा और कुछ ही दूर जाने पर ट्रैक्टर पलटने से उसकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर पीटीएम थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक युवक के परिजनों को सूचना दी। मृतक लेखराम (24) पुत्र पतराम के परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाने से इनकार करते हुए ट्रैक्टर के ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पीटीएम थाने में मामला दर्ज करवा परिजन शव लेकर गांव लौट गए। पीटीएम थाना पुलिस ने सड़क हादसे का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीटीएम थाना के एएसआई हरीराम ने बताया कि पीटीएम चौराहे से एक किलोमीटर आगे सुल्ताना की तरफ इनीचंद अपना ट्रैक्टर लेकर खेत की तरफ जा रहा था। उसके खेत का पड़ोसी लेखराम बावरी भी रास्ते में मिल गया। इनीचंद ने लेखराम को लिफ्ट दे दी। इस दौरान अचानक ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर पलटने से सिर पर गंभीर चोट लगने से लेखराम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ड्राइवर इनीचंद गंभीर घायल हो गया। घायल को जैसलमेर इलाज के लिए ले गए। वहीं मृतक के परिजनों को मौके पर बुलाया। मृतक के पिता पतराम ने ड्राइवर इनीचंद के खिलाफ लापरवाही से ट्रैक्टर चलते हुए दुर्घटना करने का मामला दर्ज करवाया है। एएसआई हरीराम ने बताया कि मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाने से इनकार कर दिया और शव को लेकर अपने गांव लौट गए। पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर हादसे कि जांच शुरू कर दी है।



### दीवार ढही, दबने से बुजुर्ग महिला ने तोड़ा दम

**धौलपुर।** बसेड़ी थाना क्षेत्र के लेबड़ा पुरा गांव में बारिश से कच्ची दीवार ढहने से 90 साल की बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। घटना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला रामकटोरी मकान में सो रही थी। बुधवार सुबह से हो रही बारिश की वजह से मकान की कच्ची दीवार ढह गई, जिसके मलबे के नीचे महिला दब गई।

## सामाजिक कार्यक्रम शामिल होने गए थे

# बनास में नहाने गए चचेरे भाइयों की डूबने से हुई मौत

**बेधड़क** | टोंक

टोडारायसिंह थाना क्षेत्र से गुजर रही बनास नदी में नहाने गए दो चचेरे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। हादसे का पता चलने के बाद लोग तुरंत बनास की ओर दौड़े और उनके शवों को तलाशा। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों भाइयों को बाहर निकालकर टोडारायसिंह अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

टोडारायसिंह थाने के एएसआई सत्यनारायण ने बताया कि दोनों भाई सुदर्शन और तेजप्रकाश यहां एक निजी स्कूल में पढ़ते थे। सुदर्शन के पिता सत्यनारायण मीना टोडारायसिंह कस्बे में बिजली निगम में लाइनमैन हैं। यहां इनके साथ बड़े भाई जसराम मीना का लड़का तेजप्रकाश भी पढ़ाई के लिए रहता था। दोनों परिजनों के साथ क्षेत्र के कुरासिया गांव में एक परिचित के यहां सामाजिक कार्यक्रम में गए थे। बुधवार सुबह करीब नौ बजे दोनों भाई परिजनों को बिना बताए गांव के पास से गुजर रही बनास नदी में नहाने चले गए, जहां अभी बीसलपुर बांध का पानी छोड़ने से नदी में तेज गति से पानी बह रहा है।

दोनों नहाते समय गहरे पानी में चले गए। इस दौरान वे डूबने लगे तो बचाने के लिए आवाज भी लगाई। कुछ दूरी पर दो-तीन महिलाओं ने इनके चिल्लाने की आवाज सुनी तो घबरा गईं और गांव में जाकर लोगों को इस घटनाक्रम की जानकारी दी।

हादसे का पता चलते ही ग्रामीण तुरंत नदी की ओर दौड़े और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकालकर टोडारायसिंह अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिन ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## ढूंढ नदी में डूबने से दो युवकों की मौत



**जयपुर।** कानोता थाना इलाके में स्थित ढूंढ नदी में नहाने गए दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की मदद से युवकों की तलाश शुरू की गई। करीब दो घंटे के अथक प्रयास के बाद दोनों युवकों शव मिल गए। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार कानोता निवासी 22 वर्षीय दिलीप और 24 वर्षीय छोटूराम बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे ढूंढ नदी में नहाने गए थे। नहाने के दौरान दोनों गहरे पानी में चले गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से शवों को बाहर निकालकर अस्पताल में रखवाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों युवक नहाने के साथ मछली पकड़ रहे थे। मछली पकड़ने के दौरान एक युवक गहरे गड्ढे में चला गया। उसे बचाने के लिए दूसरे युवक भी गड्ढे की तरफ गया तो वह भी डूब गया। घटना स्थल के पास ही मौजूद अन्य लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

## तरंग शक्ति-2024: रक्षा मंत्री आएंगे जोधपुर

# आसमान में वायुसेना की सूर्य किरण टीम आज दिखाएगी कलाबाजी

**बेधड़क** | जोधपुर

जोधपुर एयरबेस स्टेशन पर चल रहे युद्धाभ्यास तरंग शक्ति का समापन 14 सितबर को होगा। इससे पहले वायुसेना स्टेशन पर 12 सितबर से डिफेंस एक्सपो शुरू होगा। इसमें स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस, लड़ाकू हेलिकॉप्टर प्रचंड व लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर ध्रुव शामिल है।

साथ ही डीआरडीओ द्वारा अन्य सैन्य सामग्रियों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को तरंग युद्ध शक्ति अभ्यास का निरीक्षण करने के लिए जोधपुर आएंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 सितंबर को सुबह 10 बजे दिल्ली के पालम एयरपोर्ट से रवाना होकर जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां वायुसेना के युद्ध अभ्यास कार्यक्रम में हिस्सा होंगे और युद्ध अभ्यास का अवलोकन करेंगे।




### ‘तरंग शक्ति’ में वायु सेना ने दिखाई अपनी रात्रिकालीन हवाई युद्ध क्षमता

अंतरराष्ट्रीय हवाई अभ्यास ‘तरंग शक्ति’ के दौरान भारतीय वायु सेना ने अपनी रात्रिकालीन हवाई युद्ध की क्षमता का प्रदर्शन किया है। जोधपुर का आसमान शक्तिशाली लड़ाकू विमानों की गर्जना से जीवंत हो उठा। फेज-2 के दौरान वायु सेना की रात्रि मिशन सटीकता ने अपनी ताकत और अंतर-संचालन क्षमता को परिभाषित किया है। रात के आसमान में उड़ान भरने के लिए तैयार वायु सेना ने अपने कौशल और समन्वय का प्रदर्शन करके रेगिस्तानी इलाके में विदेशी सेनाओं के सामने अपनी रक्षात्मक और आक्रामक अभियान को दिखाया है। रात्रिकालीन हवाई युद्ध अभ्यास में दुनिया के पहले लड़ाकू हेलिकॉप्टर स्वदेशी प्रचंड ने उड़ान भरकर अपनी ताकत दिखाई। वायु सेना के मुताबिक ‘नाइट एयर कॉम्बैट’ के दौरान जोधपुर का आसमान शक्तिशाली लड़ाकू विमानों की गर्जना से जीवंत हो उठा। फेज-2 के दौरान वायु सेना की रात्रि मिशन सटीकता को परिभाषित किया।

### सूर्य किरण की टीम ने किया पूर्वाभ्यास

तरंग शक्ति में भारत के वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी सहित अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, यूएई, ग्रीस और श्रीलंका के एयर चीफ भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना की एरोबेटिक टीम सूर्य किरण और सारंग हवा में रोमांचित कर देने वाले करतब दिखाएगी। तरंग शक्ति के ओपन डे के दिन जोधपुर के लोगों को अपनी कलाबाजियों से मंत्रमुग्ध करने वाली सूर्य किरण की टीम गुरुवार को एक बार फिर आसमान में कलाबाजियां दिखाएगी। सूर्य किरण टीम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर जोधपुर के लोगों के उत्साह को सलाम करते हुए घोषणा की है कि वे 12 सितंबर को एक बार फिर मिलेंगे। इसी के तहत आसमान पर सूर्य किरण की टीम ने पूर्वाभ्यास भी किया।

### 14 सितंबर तक चलेगा अभ्यास

भारतीय वायु सेना की मेजबानी में पहली बार हो रहे बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास ‘तरंग शक्ति’ के दूसरे चरण में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, बांग्लादेश, सिंगापुर, यूएई की वायु सेना अभ्यास कर रही है। 14 सितंबर तक चलने वाले ‘तरंग शक्ति’ के दौरान वायु सेनाओं के लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर, विशेष ऑपरेशन विमान, मध्य हवा में ईंधन भरने वाले और हवाई चेतावनी और नियंत्रण प्रणाली (अवाक्स) विमान सहित 70-80 विमान भाग ले रहे हैं। इस अभ्यास में अमेरिका अपने एफ-16 और ए-10 विमानों के साथ भाग ले रहा है।

### इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति ने कोचिंग व्यवस्था पर रखी अपनी बात...

# कोचिंग कक्षाएं परीक्षा पास करने का सही तरीका नहीं: नारायण मूर्ति

एजेंसी | बेंगलुरु



बेंगलुरु में पॉल हेविट के कॉन्सेप्चुअल फिजिक्स के 13वें संस्करण के शुभारंभ के अवसर पर इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति ने शिक्षा में कोचिंग व्यवस्था बयान देते हुए आलोचना की है। मूर्ति का कहना है कि कोचिंग कक्षाएं छात्रों के लिए परीक्षा पास करने का सही तरीका नहीं है। मूर्ति ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से कहा, "कोचिंग कक्षाएं बच्चों को परीक्षा पास करने में मदद करने का गलत तरीका है।" नारायण मूर्ति ने कहा कि केवल उन्हीं छात्रों को कोचिंग की जरूरत महसूस होती है जो नियमित स्कूली कक्षाओं में ध्यान नहीं दे पाते हैं। उनके लिए शिक्षा का वास्तविक लक्ष्य रटकर परीक्षा की तैयारी करना नहीं, बल्कि आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना है।

### कोचिंग कक्षाओं में जाने वाले बच्चे स्कूल में ध्यान से नहीं सुनते बात

मूर्ति ने कोचिंग सेंटरों पर बढ़ती निर्भरता पर बात की, विशेष रूप से कोटा जैसे शहरों में, जो अपने उच्च दबाव वाले वातावरण के लिए जाना जाता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या कोचिंग संस्थान आईआईटी और एनआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में जाने का मार्ग प्रशस्त करते हैं, तो मूर्ति ने सीधे-सीधे जवाब दिया। उन्होंने कहा कि "कोचिंग कक्षाओं में जाने वाले ज्यादातर लोग स्कूल में अपने शिक्षकों की बात ध्यान से नहीं सुनते। और माता-पिता, जो अक्सर अपने बच्चों की पढ़ाई में मदद करने में असमर्थ होते हैं, कोचिंग सेंटर को ही एकमात्र समाधान मानते हैं।"

### कोचिंग उद्योग रटने की आदत को बढ़ावा दे रहे

मूर्ति ने तेजी से बढ़ते कोचिंग उद्योग के बारे में चिंता व्यक्त की, जो सालाना 58,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है और हर साल 19-20% की दर से बढ़ रहा है। जबकि यह वृद्धि बढ़ती मांग को दर्शाती है, मूर्ति ने तर्क दिया कि यह भारत की शिक्षा प्रणाली में एक गहरी समस्या की ओर इशारा करता है, जहां रटने की आदत अक्सर वास्तविक सीखने पर हावी हो जाती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा का ध्यान अवलोकन, विश्लेषण और परिकल्पना परीक्षण पर होना चाहिए - ये कौशल वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। मूर्ति ने टिप्पणी की, "शिक्षा का उद्देश्य यह सीखना है कि कैसे सीखना है", उन्होंने दोहराया कि समझ और आलोचनात्मक सोच, न कि रटना, बच्चे की शिक्षा का मूल होना चाहिए।

### नवाचार का मतलब है, हर दिन सुधार करना

उन्होंने आगे अपने विचार साझा किए कि शिक्षा के प्रति यह दृष्टिकोण किस तरह नवाचार को बढ़ावा दे सकता है। मूर्ति ने 1993 में इंफोसिस में एक कार्यशाला को याद किया, जहां एक चपरासी ने उनसे पूछा कि नवाचार का सही अर्थ क्या है। मूर्ति का जवाब सरल लेकिन प्रभावशाली था। "नवाचार का मतलब है चीजों को पहले से ज्यादा तेजी से, सस्ते में और बेहतर गुणवत्ता के साथ करना। चाहे आप टेबल साफ कर रहे हों या जटिल समस्याओं को हल कर रहे हों, इसका मतलब है हर दिन सुधार करना।"

## Yuva स्टोरीज

### निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन ने किया पुस्तकों का विमोचन

# जीवन विज्ञान, नवीकरणीय ऊर्जा और मशरूम की खेती पर लिखी गई तीन पुस्तकें



बेधड़क | जयपुर

विज्ञान और शोध के क्षेत्र में तीन प्रतिष्ठित लेखकों की महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एस. एल. सिहाग और वाइस चेयरमैन डॉ. आर. के. अरोड़ा ने किया। ये अपने-अपने क्षेत्रों में शोधकर्ताओं और पाठकों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी। डॉ केसी सैनी की नवीनतम पुस्तक "रिसेंट रिसर्च इन लाइफ साइंसेज" का विमोचन हुआ। यह पुस्तक जीवन विज्ञान के क्षेत्र में हो रही नवीनतम प्रगति और अनुसंधान का एक गहन और व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करती है। डॉ. पीयूष कुमार कमलेश की पुस्तक "सस्टेनेबल फ्यूचर: एक्सप्लोरिंग रिन्यूएबल एनर्जी सॉल्यूशंस" नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हो रहे प्रमुख नवाचारों और अंतर्दृष्टियों को समेटे हुए है, जिसका उद्देश्य अधिक सतत और पर्यावरण के अनुकूल भविष्य का निर्माण करना है। रुचि कुमारी की पुस्तक "द इंडियन मशरूम: इट्स कल्टीवेशन, न्यूट्रिशनल वैल्यू, एंड मेडिसिनल इफेक्ट्स" का विमोचन किया गया। यह पुस्तक मशरूम की खेती के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा करती है। ये तीनों पुस्तकें विज्ञान और शोध के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी गहरी अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक मार्गदर्शन के माध्यम से नए आयाम स्थापित करेंगी। इस अवसर पर डॉ. आर. के. अरोड़ा ने जानकारी दी कि ये पुस्तकें वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, और छात्रों के लिए अत्यधिक लाभदायक साबित होगी, क्योंकि यह उन्हें आधुनिक शोध की गहरी समझ प्रदान करती है और भविष्य में होने वाले संभावित परिवर्तनों पर विचार-विमर्श करती है।

# सहायक आचार्य के जियोलॉजी के साक्षात्कार का परिणाम जारी




**अजमेर**। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से बुधवार को सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) भर्ती-2023 के अन्तर्गत जियोलॉजी विषय के साक्षात्कार में सफल रहे अभ्यर्थियों की मुख्य सूची जारी की गई। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि इस विषय की लिखित परीक्षा के परिणाम 11 जुलाई के अंतर्गत साक्षात्कार के लिए अस्थाई रूप से सफल घोषित किए गए अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन 10 सितंबर को किया गया। साक्षात्कार के बाद संबंधित सेवा नियमानुसार 6 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है।

# कृषि पर्यवेक्षक भर्ती के 18 से होंगे दस्तावेज सत्यापन

**जयपुर**। कृषि पर्यवेक्षक भर्ती-2023 के तहत राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा गैर अनुसूचित क्षेत्र के 385 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 45 पदों को सीधी भर्ती से भरने हेतु दोगुना अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं सत्यापन के लिए सूचीबद्ध किया गया है। अतिरिक्त निदेशक कृषि (प्रशासन) हीरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि कृषि पर्यवेक्षक भर्ती के लिए सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की 18 सितम्बर से 27 सितम्बर तक पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन का कार्य कृषि विभाग द्वारा राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, अकादमी भवन, पांचवी मंजिल, टोंक रोड़, दुर्गापुरा, जयपुर में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन तारीख वाईज एवं रोल नम्बरवार विस्तृत सूचना राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की वेबसाइट और कृषि विभाग की वेबसाइट पर प्राप्त कर सकते हैं।

### माध्यमिक शिक्षा विभाग में एक लाख से ज्यादा पद रिक्त

# शिक्षक भर्ती पर बेरोजगारों की सरकार के सामने टकटकी

बेधड़क | जयपुर



प्रदेश के बजट में सरकार ने कई पदों की घोषणा तो कर दी। लेकिन इन पदों पर अभी भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। सबसे ज्यादा शिक्षक भर्ती का इंतजार हो रहा है। ऐसे में बेरोजगार युवा शिक्षक भर्ती निकलने पर टकटकी लगाए बैठा है। शिक्षा विभाग में अध्यापक से लेकर वरिष्ठ अध्यापक, स्कूल व्याख्याता और अन्य वर्गों की भर्ती प्रक्रिया शुरू होने नहीं हो पा रही है। साथ ही शिक्षकों के चार सत्रों की पदोन्नति बकाया चल रही है।

आंकड़ों की बात करें तो माध्यमिक शिक्षा विभाग में कुल स्वीकृत 3 लाख 70 हजार 873 पदों में से 1 लाख 25 हजार 61 पद रिक्त चल रहे है। शिक्षा विभाग में एक जुलाई को स्कूल व्याख्याताओं के खाली पद 12846 थे, जो सितंबर में बढ़कर 17285 पहुंच गए। इसी तरह वरिष्ठ अध्यापकों के खाली पद भी जुलाई में 25396 के मुकाबले सितंबर में 25502 पहुंच गए।

इन दोनों कैडर के सितंबर में खाली पदों की संख्या 42787 है। इन दोनों ही पदों के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रिया पूरी करवाई जाती है। माध्यमिक शिक्षा विभाग में इतनी बड़ी संख्या में पद खाली होना शिक्षा विभाग के लिए गंभीर समस्या है। जिसका खामियाजा राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे लाखों विद्यार्थियों को उठाना पड़ रहा है। वहीं स्कूलों में विषयों के नियमित शिक्षक नहीं होने से अन्य शिक्षकों को अतिरिक्त विषय पढ़ाने का भार रहता है। इसका असर परीक्षा परिणाम पर भी पड़ता है।

### संयुक्त निदेशक से शिक्षकों के पद तक पद खाली

माध्यमिक शिक्षा में संयुक्त निदेशक के 14 में 10, उपनिदेशक के 21 में से 12 तो जिला शिक्षा अधिकारी के 44 में से 24 व तृतीय श्रेणी अध्यापकों के 1 लाख 3 हजार 87 में से वर्तमान में 23 हजार 555 पद खाली पड़े हैं। साथ ही पिछले दिनों व्याख्याता से वाइस प्रिंसिपल के पद पर पदोन्नति की गई थी। इस कारण एक साथ व्याख्याता के खाली पद बढ़ गए। वर्तमान में वाइस प्रिंसिपल के 12424 पद स्वीकृत हैं, इनमें से 7526 पद खाली हैं। पिछले दिनों पदोन्नति से 4898 पद भर गए थे।

### स्कूलों में चपरासियों के 22 हजार से ज्यादा पद रिक्त

स्कूलों में सबसे ज्यादा चपरासी यानि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रिक्त पदों की स्थिति है। इसके चलते स्कूलों में बच्चों को चपरासी का काम करना पड़ता है। आंकड़ों पर गौर करें तो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 22 हजार 516 व कनिष्ठ सहायक के 5 हजार 847 और बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक के 3 हजार 539 पद रिक्त है।

"राज्य में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से संयुक्त निदेशक तक के पद रिक्त होने से कार्यालय में काम की अधिकता बढ़ रही है। इसी प्रकार से अध्यापक, वरिष्ठ अध्यापक और स्कूल व्याख्याता के बड़ी संख्या में पद रिक्त होने रहने से विद्यार्थियो की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ऐसे में विद्यार्थियों की पढ़ाई भगवान भरोसे रहेगी। इसलिए रेसटा की मांग है की राज्य सरकार वरिष्ठ अध्यापक, व्याख्याता सहित सभी संवर्गों की बकाया पदोन्नति जल्द करवाएं। जिससे सरकारी स्कूलों में रिक्त पदों को भरा जा सके और विद्यार्थियों को पढ़ाई में इनका लाभ मिल सके।

**मोहर सिंह सलावद, प्रदेशाध्यक्ष, शिक्षक संघ रेसटा,राजस्थान।**

# अंबेडकर फैलोशिप और अन्तरराष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना के लिए मांगें आवेदन



**जयपुर**। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधीन डॉ. भीमराव अबंडेकर फाउंडेशन (अंबेडकर पीठ) मूंडला की ओर से सत्र 2024-25 के लिए अंबेडकर फैलोशिप योजना और अंबेडकर अन्तरराष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन मांगे हैं। फाउंडेशन के सचिव ने बताया कि अंबेडकर फैलोशिप योजना में राजस्थान राज्य के अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को विधि द्वारा स्थापित राज्य में स्थित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित पीएचडी पाठ्यक्रम में अपने स्तर पर प्रवेश लेने पर इस योजना अन्तर्गत अधिकतम तीन वर्ष के लिए 5.40 लाख रुपये तक की सहायता उपलब्ध करवाये जाने का प्रावधान है। वहीं अम्बेडकर अन्तरराष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना में राजस्थान राज्य के अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों/शिक्षण संस्थानों में अपने स्तर पर पी-एच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने पर उक्त योजनान्तर्गत अधिकतम तीन वर्ष के लिए 25.00 लाख रुपये की सहायता उपलब्ध करवाये जाने का प्रावधान है। अधिक जानकारी के लिए फांउडेशन की वेबसाईट देखी जा सकती है।

### केंद्रीय विधि मंत्री मेघवाल ने कहा...

# एक हजार विधि मीडिएटर नियुक्त करेगी सरकार



बेधड़क | जयपुर

सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन परिसर में भवानी निकेतन विधि महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल ने किया। इस मौके पर विधि मंत्री ने कहा कि आज के दिन शिकागो (अमेरिका) में स्वामी विवेकानन्द ने विश्व धर्म संसद को सम्बोधित करते हुए सनातन धर्म का परचम लहराया था। गर्व से कहो हम हिन्दू है का नारा लगवाया।

उन्होंने इस अवसर पर केन्द्र सरकार द्वारा लागू किये गये नये कानूनों की जानकारी विधि विद्यार्थियों को दी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही पूराने समय में पंच फैसलों के माध्यम से न्याय करने की प्रक्रिया से प्रेरणा लेते हुए सम्पूर्ण देश में 1000 विधि मीडिएटर सरकार द्वारा नियुक्त किये जायेंगे। उन्होंने बाबा रामदेव जी के दादा रणसी जी का जीवन परिचय देकर रामदेव जी का भजन बहन सुकमा बाई के परिपेक्ष्य में 'बीरा माह्य रामदेवजी एक बार लेवण आये ... सुनाया। इस अवसर पर शिक्षा समिति के अध्यक्ष शिवपाल सिंह नांगल ने कहा कि इतिहास गवाह कि जब जब सनातन धर्म का पतन हुआ है, तब तब प्रजातंत्र समाप्त हुआ है। वर्तमान समय में देश विरोधी ताकतों द्वारा सनातन धर्म को खत्म करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। सामाजिक समरसता को बिगाड़कर देश की छवि खराब की जा रही है। इस अवसर पर बाबा रामदेव जी को याद कर कहा कि सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा प्रतीक बाबा रामदेव जी है। समारोह के अध्यक्ष धनश्याम सिंह राठौड़ ने कहा अर्जुनराम जी की वाकपटुता एवं सादगी के उदाहरण सुने थे, परन्तु आज उन्हें इसे प्रत्यक्ष रूप से देखा है। समारोह में गुलाब सिंह मेड़तिया, सचिव शिक्षा समिति ने पधारे हुए अतिथियों का स्वागत किया। अन्त में राजेन्द्र सिंह जेरठी, संयुक्त सचिव ने पधारे हुए अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में भवानी निकेतन शिक्षा समिति पदाधिकारियों के साथ-साथ, राजपूत सभा अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई, महावीर सिंह सरवड़ी, स्थानीय पार्षद, समाज के गणमान्य नागरिक व संस्था के छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# शैलेश यादव ने हासिल की पीएचडी की डिग्री



**जयपुर**। मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर की ओर से शैलेश यादव को पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई। शैलेश की पीएचडी का टॉपिक "भारत में बुनियादी ढांचे के निवेश का अनुमान: एक अनुभवजन्य विश्लेषण" रहा है। उन्होंने अपनी पीएचडी की डिग्री यूनिवर्सिटी के बिजनिस एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट की एसोसिएट प्रोफेसर सुहासिनी वर्मा के निर्देशन में की है। पीएचडी डिग्री हासिल करने पर शैलेश को मिलने-जुलने वाले लोग और दोस्तों ने बधाई दी है।

**गाइडलाइंस** | मेडिकल ट्रेनी के स्टाईपेंड को लेकर संशोधित गाइडलाइंस जारी

# 35 से लेकर 45 हजार तक मिलेगा नया स्टाईपेंड

बेधड़क | जयपुर



नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस ने मेडिकल ट्रेनी के स्टाईपेंड को लेकर संशोधित गाइडलाइंस को जारी किया है। स्टाईपेंड पर गाइडलाइंस को जानना के लिए ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ली जा सकती है।

ऑफिशियल गाइडलाइंस के अनुसार, एनबीईएमएस ट्रेनी को मान्यता प्राप्त हॉस्पिटल/मेडिकल इंस्टीट्यूट द्वारा स्टाईपेंड देना अनिवार्य है। पोस्ट एमबीबीएस डीएनबी (ब्रॉड स्पेशिलिटी) कोर्सेज में पढ़ने वाले प्रथम वर्ष के मेडिकल ट्रेनी 35,000 रुपये के स्टाईपेंड के हकदार हैं। दूसरे वर्ष (सेकेंड ईयर) के मेडिकल ट्रेनी 37,000 रुपये के स्टाईपैंड के हकदार हैं। वहीं तीसरे वर्ष में पढ़ने वाले मेडिकल ट्रेनी को 39,000 रुपये स्टाईपैंड मिलेगा। पोस्ट डिप्लोमा डीएनबी (ब्रॉड स्पेशिलिटी) कोर्सेज में पढ़ने वाले प्रथम वर्ष के मेडिकल ट्रेनी 37,000 रुपये के स्टाईपेंड के हकदार हैं। दूसरे वर्ष (सेकेंड ईयर) के मेडिकल ट्रेनी 39,000 रुपये के स्टाईपैंड मिलेगा।

### यूं मिलेगा स्टाईपेंड

दो वर्षीय डिप्लोमा (पोस्ट एमबीबीएस- ब्रॉड स्पेशिलिटी) कोर्सेज में पढ़ने वाले प्रथम वर्ष के कैंडिडेट को 35,000 रुपये और दूसरे वर्ष में पढ़ने वाले ट्रेनी को 37,000 रुपये देने होंगे। डॉक्टर एनबी (सुपर स्पेशलिस्ट) कोर्सेज में पढ़ने वाले कैंडिडेट को पहले वर्ष में 41,000 रुपये स्टाईपेंड, दूसरे वर्ष में 43,000 रुपये स्टाईपेंड और तीसरे वर्ष में उन्हें 45,000 रुपये स्टाईपैंड मिलेंगे। एफएनबी (एफएनबी) कोर्सेज के लिए, पहले वर्ष का स्टाईपेंड 41,000 रुपये और दूसरे वर्ष के लिए 43,000 रुपये स्टाईपेंड है।

### इन जगहों पर मिलता है मौका

प्राइवेट हॉस्पिटल, सरकारी इंस्टीट्यूट, रेलवे, ईएसआईसी (ESIC), सेंट्रल PSUs, केंद्र स्वायत्त निकायों और केंद्र सरकार के अस्पतालों में ट्रेनी कैंडिडेट एनबीईएमएस की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर पूरी जानकारी देख सकते हैं। गाइडलाइंस में इस बात पर भी जोर दिया गया है कि हॉस्पिटल को समय-समय पर राज्य और केंद्र सरकार के अधिकारियों द्वारा लागू किए गए परिवर्तनों के अनुरूप स्टाईपेंड में संशोधन करना चाहिए। हॉस्पिटल एनबीईएमएस द्वार निर्धारित न्यूनतम स्टाईपेंड से ज्यादा स्टाईपेंड ट्रेनी कैंडिडेट को दे सकते हैं और अगर कैंडिडेट को हॉस्टल (आवास) प्रदान किया जाता है, तो वे बदले में स्टाईपेंड को कम किया जा सकता है।

# जमाना बदल गया... या कि हम बदल गए !



राजेंद्र बज
स्वतंत्र टिप्पणीकार

देखते ही देखते सब कुछ बदलता जा रहा है। आदमी कहता है कि जमाना बदल गया, लेकिन आदमी स्वयं इतना बदल गया कि जमाना बदला हुआ दिखाई देने लगा है। कल तक के आदमी जमाने से सरोकार रखा करते थे। नीति-नियम, लोक लाज और मर्यादाओं का भरपूर खयाल रखा जाता था। मात्र परिवार के प्रति ही आदमी की प्रतिबद्धता सीमित नहीं रहा करती थी। समाज एवं राष्ट्र के प्रति भी उसके अंतर्मन की आंतरिक चेतना जागृत अवस्था में दिखाई देती थी। मान-सम्मान का पैमाना आर्थिक हैसियत के आधार पर नहीं मापा जाता था। आदमी का चाल-चलन और व्यवहार उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा का कारण बना करता था। धन के प्रति आसक्ति भाव उतना प्रबल नहीं था जितना कि आज दिखाई देता है। जैसे-जैसे जमाने में जमाने भर के भौतिक संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होते गए , वैसे-वैसे उसका उपयोग एवं उपभोग करने को हर कोई आतुर दिखाई देने लगा। व्यक्तिगत जीवन में जीने के लिए रोटी, कपड़ा और मकान ही जीने का आधार था। इसमें जीवन-यापन के साथ-साथ सामाजिक मर्यादा और रहन-सहन का स्तर सुव्यवस्थित मान लिया जाता था। लेकिन देखते ही देखते आज आदमी की अनिवार्य आवश्यकताओं की सूची में अनगिनत नाम जुड़ गए हैं। यही नहीं अपितु आदमी के सोच-विचार के तौर तरीकों में भी आमूलचूल परिवर्तन हो गया है। आदमी की प्राथमिकताएं ही सिरे से बदल गई है।

आजकल के जमाने में आदमी आत्म-केंद्रित होता जा रहा है। बीते जमाने में नैतिक मूल्यों का पर्याप्त ध्यान रखा जाता था और परिजन बच्चों में संस्कारों का रोपण करते थे। विद्यालय ज्ञान के प्रसार के साथ-साथ चरित्र निर्माण की पाठशाला के रूप में काम करते थे।

> “ *व्यक्तिगत जीवन में जीने के लिए रोटी, कपड़ा और मकान ही जीने का आधार था। इसमें जीवन-यापन के साथ-साथ सामाजिक मर्यादा और रहन-सहन का स्तर सुव्यवस्थित मान लिया जाता था, लेकिन देखते ही देखते आज आदमी की अनिवार्य आवश्यकताओं की सूची में अनगिनत नाम जुड़ गए हैं। यही नहीं अपितु आदमी के सोच-विचार के तौर तरीकों में भी आमूलचूल परिवर्तन हो गया है। आदमी की प्राथमिकताएं ही सिरे से बदल गई है।* ”

कानून और व्यवस्था का परिपालन करने के लिए ‘ डंडा ‘ जितना सहायक होता था, उससे कहीं अधिक आंखों की शर्म से ही काम चल जाया करता था। बड़ों के प्रति आदर भाव, परस्पर रिश्तो का मान-सम्मान और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने की मनोवृति दिखाई देती थी। कहने को तो हम आधुनिक हो चले और तकनीक के सहारे जीवन क्रम को बहुत ही आसानी से अंजाम देने लगे हैं। लेकिन अपने जीवन के शाश्वत मूल्यों को हमने खो दिया है।

विज्ञान के तमाम आविष्कार हमारे लिए निरंतर आवश्यक होते जा रहे हैं। ऊपरी तौर पर देखा जाए तो बीते जमाने की अपेक्षा इस जमाने में हर एक काम की राह आसान हो गई है। बावजूद इसके आदमी के मन का चैन और सुकून कहीं खो-सा गया है। इस बात को कुछ यूं भी कहा जा सकता है कि आदमी अपनी आदमियत को लगातार खोता जा रहा है। आजकल के जमाने में आदमी का रहन-सहन का स्तर, खानपान और व्यवहार दूसरों की देखा-देखी होने लगा है। आधुनिकता के नाम पर निरंतर नई खोखली परंपराएं विकसित होने लगी है। फैशन के नाम पर फूहड़ता पैर पसार रही और निराधार बातों को आधार बनाकर आधुनिकता का दम भरा जाने लगा है।

आज की नई पीढ़ी का संवेदनशील रिश्तों का परस्पर संबोधन भी अस्त-व्यस्त हो गया है। यही कारण है कि परिवार में परस्पर रिश्तों का ताना-बाना बनावटी हो रहा है। परस्पर रिश्तों को नए दौर के नए चलन के आधार पर नाम दिए गए हैं। यही नहीं अपितु परिवार के बच्चों का नामकरण करने में भी बेतुके एवं निरर्थक शब्दों का सहारा लिया जा रहा है। कभी-कभी ऐसा लगता है कि आखिर जमाना बदलते-बदलते कितना कुछ बदल जाएगा ? निश्चित ही व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में लगातार आते बदलाव एक नए युग का सृजन करने में सहायक होते हैं। दरअसल हमें अपनी विश्व वंदनीय भारतीय संस्कृति के अनुरूप परिवार का ताना-बाना बुनने की जरूरत है।

कल और आज के बुनियादी अंतर को देखकर हम कल्पना नहीं कर सकते कि आने वाला अगला कल आखिर कैसा स्वरूप लेकर दुनिया में आएगा ? फैशन तथा रीति-रिवाज में भी नित नए परिवर्तन होने लगे हैं। बनावट की बुनावट का ताना-बाना गूंथने में आदमी एक प्रकार से चकरघिन्नी बनता जा रहा है। व्यक्तिगत रूप से पारिवारिक उत्सव के अवसर भी आधुनिक दौर के चरण में अपने मूल स्वरूप से भटकाव लिए हुए नजर आते हैं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## राष्ट्रपति ने कहा-तारीख पर तारीख की संस्कृति बदलें अदालतें

# कार्य संस्कृति बदलें तो जल्दी हो न्याय



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> “ *महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान हुआ है, तब से हरेक विभाग में महिलाकर्मियों की संख्या बढ़ी है। इन महिलाओं को 26 माह के प्रसूति अवकाश के साथ दो बच्चों की 18 साल की उम्र तक परवरिश के लिए दो वर्ष का ‘चाइल्ड केयर अवकाश’ भी दिया जाता है। अदालत से लेकर अन्य सरकारी विभागों में मामलों के लंबित होने में ये अवकाश एक बड़ा कारण बन रहे हैं।* ”

जिला न्यायालयों के राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन दिवस पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्म ने लंबित मुकदमों और न्याय में देरी का उल्लेख करते हुए न्यायालयों को ‘तारीख पर तारीख‘ देने और स्थगन की संस्कृति बदलने की नसीहत दी है। इस कारण लंबित मुकादमों की संख्या अदालतों में बढ़ती जाती है। यह संख्या नीचली अदालतों से लेकर उच्च और सर्वोच्च न्यायालय तक में है। विडंबना है कि इस विषय पर खूब चर्चा होती है, चिंता जताई जाती है, लेकिन समस्या के समाधान के लिए ठोस पहल न सरकार के स्तर पर होती है और न ही न्यायालयों के स्तर पर ? वस्तुतः समस्या यथावत बनी रहती है। राष्ट्रपति ने अपने उद्बोधन में श्वेत और काले कोट का हवाला देते हुए कहा कि जिस तरह से सफेद कोट पहने डॉक्टर को देख रोगी का बीवी बढ़ जाता है, उसी तरह आम आदमी अदालत में काले कोटों को देखकर घबरा जाता है। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंदचूड़ ने स्पष्टीकरण दिया कि 28 प्रतिशत जजों और 27 प्रतिशत कर्मचारियों की कमी हैं। त्वरित न्याय के लिए इन कमियों की पूर्ति जरूरी है।

हमारे यहां संख्या के आदर्श अनुपात में कर्मचारियों की कमी का रोना अक्सर रोया जाता है। ऐसा केवल अदालत में हो,ऐसा नहीं है। पुलिस,शिक्षा और स्वास्थ्य विभागों में भी गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध न कराने का यही बहाना है। जजों की कमी कोई नई बात नहीं है, 1987 में विधि आयोग ने हर 10 लाख की आबादी पर जजों की संख्या 10 से बढ़ाकर 50 करने की सिफारिश की थी। फिलहाल यह संख्या 17 कर दी गई है। अदालतों का संस्थागत ढांचा भी बढ़ाया गया है। उपभोक्ता, परिवार और किशोर न्यायालय अलग से अस्तित्व में आ गए हैं। फिर भी काम संतोषजनक नहीं है। उपभोक्ता अदालतें अपनी कार्य संस्कृति के चलते अब बोझ साबित होने लगी हैं। बावजूद औद्योगिक घरानों के वादियों के लिए पृथक से वाणिज्य न्यायालय बनाने की पैरवी की जा रही है।

अलबत्ता आज भी ब्रिटिश परंपरा के अनुसार अनेक न्यायाधीश ग्रीष्म ऋतु में छुट्टियों पर चले जाते हैं। सरकारी नौकरियों में जब से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान हुआ है, तब से हरेक विभाग में महिलाकर्मियों की संख्या बढ़ी है। इन महिलाओं को 26 माह के प्रसूति अवकाश के साथ दो बच्चों की 18 साल की उम्र तक परवरिश के लिए दो वर्श का ‘चाइल्ड केयर अवकाश‘ भी दिया जाता है। अदालत से लेकर अन्य सरकारी विभागों में मामलों के लंबित होने में ये अवकाश एक बड़ा कारण बन रहे हैं। इधर कुछ समय से लोगों के मन में यह भ्रम भी पैठ कर गया है कि न्यायपालिका से डंडा चलवाकर विधायिका और कार्यपालिका से छोटे से छोटा काम भी कराया जा सकता है। इस कारण न्यायलयों में जनहित याचिकाएं बढ़ रही हैं,जो न्यायालय के बुनियादी कामों को प्रभावित कर रही हैं। जबकि प्रदूष्ण, यातायात, पर्यावरण और पानी जैसे मुद्दों पर अदालत की दखल के बावजूद इन क्षेत्रों में बेहतर स्थिति नहीं बनी है।

न्यायिक सिद्धांत का तकाजा तो यही है कि एक तो सजा मिलने से पहले किसी को अपराधी न माना जाए,दूसरे आरोप का सामना कर रहे व्यक्ति का फैसला तय समय-सीमा में हो। लेकिन दुर्भाग्य से हमारे यहां ऐसा संभव नहीं हो पा रहा है। इसकी एक वजह न्यायालय और न्यायाधीशों की कमी जरूर है,लेकिन यह आंशिक सत्य है, पूर्ण नहीं मुकदमों को लंबा खिंचने की एक वजह अदालतों की कार्य-संस्कृति भी है। सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत न्यायमूर्ति राजेंद्रमल लोढ़ा ने कहा भी था ‘न्यायाधीश भले ही निर्धारित दिन ही काम करें, लेकिन यदि वे कभी छुट्टी पर जाएं तो पूर्व सूचना अवश्य दें। ताकि उनकी जगह वैकल्पिक व्यवस्था की जा सके।‘ इस तथ्य से यह बात सिद्ध होती है कि सभी अदालतों के न्यायाधीश बिना किसी पूर्व सूचना के आकस्मिक अवकाश पर चले जाते हैं। गोया, मामले की तारीख आगे बढ़ानी पड़ती है। इन्हीं न्यायमूर्ति ने कहा था कि ‘जब अस्पताल 365 दिन चल सकते हैं तो अदालतें क्यों नहीं ?‘ यह बेहद सटीक सवाल था। हमारे यहां अस्पताल ही नहीं,राजस्व और पुलिस विभाग के लोग भी लगभग 365 दिन ही काम करते हैं। किसी आपदा के समय इनका काम और बढ़ जाता है। इनके कामों में विधायिका और खबरपालिका के साथ समाज का दबाव भी रहता है। बावजूद ये लोग दिन-रात कानून के पालन के प्रति सजग रहते हैं। जबकि अदालतों पर कोई अप्रत्यक्ष दबाव नहीं होता है।



यही प्रकृति वकीलों में भी देखने में आती है। हालांकि वकील अपने कनिष्ठ वकील से अकसर इस कमी की वैकल्पिक पूर्ती कर लेते हैं। लेकिन वकील जब प्रकरण का ठीक से अध्ययन नहीं कर पाते अथवा मामले को मजबूती देने के लिए किसी दस्तावेजी साक्ष्य को तलाश रहे होते हैं तो वे बिना किसी ठोस कारण के तारीख आगे खिसकाने की अर्जी लगा देते हैं। विडंबना है कि बिना कोई ठोस पड़ताल किए न्यायाधीश इसे स्वीकार भी कर लेते हैं। तारीख बढ़ने का आधार बेवजह की हड़तालें और न्यायाधीशों व अधिवक्ताओं के परिजनों की मौंते भी हैं। ऐसे में श्रद्घांजली सभा कर अदालतें कामकाज को स्थगित कर देती हैं। जबकि इनसे बचने की जरूरत है। लिहाजा कड़ाई बरतते हुए कठोर नियम-कायदे बनाने का अधिकतम अंतराल 15 दिन से ज्यादा का न हो,दूसरे अगर किसी मामले का निराकरण समय-सीमा में नहीं हो पा रहा है तो ऐसे मामलों को विशेष प्रकरण की श्रेणी में लाकर उसका निराकरण त्वरित और लगातार सुनवाई की प्रक्रिया के अंतर्गत हो। ऐसा होता है, तो मामलों को निपटाने में तेजी आ सकती है। ऐसी ही सोच के चलते मुख्यमंत्रियों और न्यायाधीशों के एक सम्मेलन में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एचएल दत्तू ने कहा था, ‘हम पूरी कोशिश करेंगे कि अदालतों में कोई भी मुकदमा पांच साल से ज्यादा न खिंचे।’ यह न्याय प्रक्रिया के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण था। लेकिन हाल ही में हमने देखा कि अजमेर की अदालत में 32 साल बाद छह दोषियों को सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई है। यानी निचली अदालत में ही एक मामले के निराकरण में 32 साल लग गए। इसके आगे उच्च और सर्वोच्च न्यायालय में अपील की जा सकती है।

कई मामलों में गवाहों की अधिक संख्या भी मामले को लंबा खींचने का काम करती है। ग्रामीण परिवेश और बलवों से जुड़े मामलों में ऐसा अक्सर देखने में आता है। इस तरह के एक ही मामले में गवाहों की संख्या 50 तक देखी गई है। जबकि घटना के सत्यापन के लिए दो-तीन गवाह पर्याप्त होते हैं। इतने गवाहों के बयानों में विरोधाभास होना संभव है। इसका लाभ फरियादी की बजाय अपराधी को मिलता है। इसी तरह चिकित्सा परीक्षण से संबंधित चिकित्सक को अदालत में साक्ष्य के रूप में उपस्थित होने से छूट दी जाए। क्योंकि चिकित्सक गवाही देने से पहले अपनी रिपोर्ट को पढ़ते हैं और फिर उसी इबारत को मुहंजबानी बोलते हैं। लेकिन ज्यादातर चिकित्सक अपनी व्यस्तताओं के चलते पहली तारीख को अदालत में हाजिर नहीं हो पाते, लिहाजा चिकित्सक को साक्ष्य से मुक्त रखना उचित है। इससे रोगी भी स्वास्थ्य सेवा से वंचित नहीं होंगे और मामला बेवजह लंबित नहीं होगा। एफएसएल रिपोर्ट भी समय से नहीं आने के कारण मामले को लंबा खींचती है। फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं की कमी होने के कारण अब तो सामान्य रिपोर्ट आने में भी एक से डेढ़ साल का समय लग जाता है। प्रयोगशालाओं में ईमानदारी नहीं बरतने के कारण संदिग्ध रिपोर्टें भी आ रही हैं। लिहाजा इन रिपोर्टों की क्या वास्तव में जरूरत है,इसकी भी पड़ताल जरूरी है ?

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# सम्मानों के मौसम में शिक्षकों का सम्मान



मुकेश राठौर
व्यंग्यकार

वैसे सम्मान देने और करने जैसी कोई चीज होती ही नहीं,यह तो बिन कुछ कहे बिन कुछ दिए दिल से दिए जाने का नाम है|मगर दिल से किया गया सम्मान दिखता कहां है भाई साहब?सम्मान की तासीर भी कुछ-कुछ प्रेम के मानिंद होती है|माने किसी का दिल से सम्मान करो तो उसका प्रकटीकरण अवश्यंभावी हो जाता है|क्या करें !समय ही ऐसा आ गया है कि “करो कण भर दिखाओ मण भर”|सो दिवस मनाने और सम्मान करने की परंपरा चल पड़ी|हालांकि व्यंग्य पुरोधा परसाई जी इन दोनों से इत्तेफाक नहीं रखते थे|

चुनाव और सम्मानों के बारहमासी मौसम वाले देश में सम्मान की बात हों तो शिक्षक याद न आए भला हो सकता है !याद आना भी चाहिए क्योंकि कबीर ने गुरु को गोविंद से यों ही बड़ा नहीं बताया|महान कूटनीतिज्ञ चाणक्य का तो मानना था कि “शिक्षक कभी साधारण नहीं होता,प्रलय और निर्माण उसकी गोद में पलते हैं|”माने देश का भविष्य बिगाड़ने और बनाने दोनों का जिम्मा एकसाथ|ये बात और है कि भारत का भविष्य निर्माता हर समय अपने भविष्य को लेकर भयग्रस्त दिखाई पड़ता है|जवानी में सरकारी डंडा कूटते शिक्षकों को बुढ़ापे की लाठी छूटते दिखाई पड़ती है|भय के बीच भविष्य का निर्माण ?

बहरहाल,शिक्षक दिवस समीप आता देख सरकार ने आदेश जारी किया कि सभी विद्यालयों में अनिवार्य रूप से शिक्षक दिवस का आयोजन किया जाए|जब विद्यालयों में दीगर दिवस मनवाये जा सकते हैं तो फिर शिक्षक दिवस न मनाने का तो सवाल ही नहीं उठता !शनैःशनैः शालाएं योजनाओं की प्रयोगशालाओं से आयोजन स्थली बनते जा रही हैं|आदेशानुसार ग्रामीण अभिभावकों और जन प्रतिनिधियों द्वारा शालाओं में जाकर शिक्षकों के सम्मान करने का आग्रह था|आग्रह ही किया जा सकता था|उधर शिक्षकों के लिए मेजबानों को(जो कहीं न कहीं मेहमान ही थे) ससम्मान इस आशय की सूचना देने,आग्रहपूर्वक आमंत्रित करने,आयोजन की तैयारी करने,उनके लिए जलपान आदि की व्यवस्था करने का आदेश|आदेश के परिपालन में शिक्षकों ने वैसा ही किया|

शिक्षक दिवस आयोजन का सरकारी आदेश पाकर शिक्षक जोरदार तैयारियों में जुट गए|आखिर एक दिन सम्मान वाला दिन भी आ ही गया|शिक्षक उत्साहित थे कि आज उनका सम्मान होगा|सम्मान का संदेश पाकर कोई मुरख ही होगा,जो उत्साहित न हों|सम्मानदाताओं के सम्मान में विद्यालय को दुल्हन सा सजाया गया|शिक्षक-शिक्षिका खुद भी सज-धजकर तैयार थे|सम्मान के समय न सजे तो दबी जुबान बातें होती है,सम्मान गलत हाथों में चला गया|देख रास्ता,देख रास्ता...लग्न मुहूर्त की तरह सम्मान का समय जाता रहा और आखिर चला ही गया,...वो नहीं आए|उन्हें आना ही नहीं था|आते भी कैसे !आज साप्ताहिक हाट-बाजार वाला दिन जो था|कोई दुकानदार तो कोई खरीददार था,इस नाते सबको बाजार करना था|लोग राष्ट्रीय त्योहारों पर नहीं आ पाते,फिर ये राष्ट्र निर्माता क्या चीज है?चूंकि शिक्षक दिवस मनाने का सरकारी आदेश था,सो मजबूरन शिक्षकों को ही परस्पर सम्मान करना पड़ा,जैसा कि प्रायः होता रहा है|

## नॉलेज कॉर्नर: USA में चुनाव

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के प्रमुख मुद्दे

एबीसी न्यूज पर अमेरिकी राष्ट्रपति उम्मीदवारों के बीच हुई हुई दूसरी बहस में उम्मीदवारों से ज्यादा बहस के होस्ट पर चर्चा हो रही है। रिपब्लिकन समर्थक लगातार उन पर पक्षपातपूर्ण व्यवहार का आरोप लगा रहे हैं। हालंकि इस बहस ने 56 दिन बाद होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की दशा एवं दिशा तथा प्रमुख मुद्दे तय कर दिए हैं जो कि हैं अर्थव्यवस्था, अवैध अप्रवासी, गर्भपात कानून।

अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर कमला हैरिस के ऊपर बाइडेन की खराब तथा ढुलमुल नीतियों का उत्तरदायित्व भी है तथा मध्यम वर्गीय परिवारों को संतान होने पर छ हजार डॉलर, छोटे व्यापारियों एवम् उद्योगों हेतु पचास हजार डॉलर की सहायता जैसे लुभावने वादे भी है। दूसरी तरफ ट्रंप लगातार अपने पिछले कार्यकाल में बड़े उद्योगों की दी जाने वाली टैक्स रियायतों से जुड़ी आलोचनाओं को दरकिनार कर अमेरिका के बढ़ते व्यापार घाटे को अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी मुश्किल बता इसे दूर करने हेतु चीन व अन्य देशों से आयात पर टैरिफ लगाने जैसे उपाय सुझा रहे हैं। ट्रंप पर महामारी के दौरान लिए गए खराब फैसलों की एक श्रृंखला का भार भी है। हालांकि अधिकांश अमेरिकी वोटर्स का मानना है कि विगत चार वर्षों में उनकी कमाई घटी है तथा खाद्य पदार्थों से जुड़े खर्च में इजाफा हुआ है। डेट्रॉयट और वेस्ट कैरीलोना जैसे राज्यों में घटते विनिर्माण उद्योग के रोजगार भी एक धुंधले भविष्य की और संकेत करते हैं। आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी प्रोद्योगिकीय नवाचार भी रोजगार के क्षेत्र में विक्षोभ पैदा कर सकते है।




वर्तमान में दोनो ही प्रत्याशियों के पास अर्थव्यवस्था से जुड़े महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दो पर स्पष्ट एवम् सुचिंतित नीतियों का अभाव है। अवैध अप्रवासियों के मुद्दे पर बाइडेन प्रशासन लगातार आलोचनाओं का शिकार रहा है और ट्रंप इसका जिम्मेदार व्यक्तिगत रूप से कमला हैरिस को मानते हैं क्योंकि अवैध प्रवासन को रोकना उन्हीं की जिम्मेदारी थी। हैरिस इस मुद्दे पर कमजोर नजर आती हैं क्योंकि प्रवासन ना रोक पाना उनके प्रशासन की नाकामी थी। हालांकि इसका जवाब वे ट्रंप को विभाजनकारी व मुद्दो को भटकाने वाला प्रत्याशी कह कर देती है। अपनी ब्लैक व भारतीय नस्ल के जीन को उभारकर भी हैरिस स्वयं को समावेशी उम्मीदवार के तौर पर दिखाना चाहती हैं।

ट्रंप के पास अवैध प्रवासन से निपटने हेतु दीवार बनाने जैसा एक चिरपरिचित फॉर्मूला है जिससे वे हर रैली में दोहराते हैं तथा बढ़ते अपराध और बेरोजगारी हेतु इन्ही अवैध प्रवासियों को जिम्मेदार ठहराते हैं। टेक्सास जैसे सीमा पर स्थित राज्यों के लिए यह महत्वपूर्ण मुद्दा है।

X



**राहुल गांधी,** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष
@RahulGandhi
Rising Rajasthan ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के संदर्भ में आज जापान प्रवास के दौरान राजधानी टोक्यो में निप्पॉन स्टील ट्रेडिंग के निदेशक मंडल के सदस्य श्री काज़ुहिरो कोशिकावा जी से शिष्टाचार भेंट की। निप्पॉन स्टील अलवर के नीमराणा स्थित जापानी औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित प्रमुख जापानी निवेशकों में से एक है। राजस्थान में साझेदारी को और मजबूत करने तथा प्रदेश में नवीन निवेश, रोजगार सृजन, प्रौद्योगिकी उन्नयन, एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। सरकार निवेशकों को सुविधाएं व सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



**अमित शाह,** गृह मंत्री
@AmitShah
साइबर सुरक्षा केवल डिजिटल दुनिया तक सीमित होकर नहीं रह गयी, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का भी अहम पहलू बन गई है।

### उत्तर प्रदेश में पुलिस मुठभेड़ पर गरमाई सियासत, सपा प्रमुख अखिलेश यादव का फिर सरकार पर हमला... कहा -

# एनकाउंटर का पैटर्न सेट... पहले उठाओ...फिर मुठभेड़ की झूठी कहानी बनाओ

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव से पहले इन दिनों पुलिस मुठभेड़ में अपराधियों के मारे जाने को लेकर सियासत गरमाई हुई है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने इन मुठभेड़ों को लेकर राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार पर लगातार हमले कर रहे हैं। सुल्तानपुर में ज्वैलर्स के यहां हुई डकैती के बाद पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए एक लाख के इनामी मंगेश यादव के मामले को लेकर अखिलेश ने आरोप लगाया था कि पुलिस जाति देखकर मुठभेड़ कर रही है। हालांकि राज्य के पुलिस प्रमुख ने इस आरोप का खंडन किया था। लेकिन इस घटना के बाद से अखिलेश ने योगी सरकार खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। 5 सितंबर को मंगेश के एनकाउंटर के बाद से अखिलश यादव ने पुलिस मुठभेड़ पर सात दिन में आठ ट्वीट किए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार सपा पुलिस मुठभेड़ में पीडीए का एंगल निकालकर पिछड़ों को भाजपा से अपनी तरफ मोड़ने की राजनीतिक संभावना दिख रही है। अखिलेश यादव ने बुधवार को एक बार फिर योगी सरकार पर हमला बोलते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा सरकार ने सच का ही एनकाउंटर कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राज में एनकाउंटर का एक पैटर्न सेट हो गया है। पहले किसी को उठाओ, फिर झूठी मुठभेड़ की कहानी बनाओ। फिर दुनिया को झूठी तस्वीरें दिखाओ। फिर हत्या के बाद परिवारवालों द्वारा सच बताये जाने



पर तरह-तरह के दबाव व प्रलोभन से उन्हें दबाओ। विपक्षी राजनीतिक दलों द्वारा भंडाफोड़ होने पर अपने दोयम दर्जे के नेताओं को आगे करके शीर्ष नेतृत्व को बचाओ। इससे पहले अखिलेश ने मंगलवार को उन्होंने एनकाउंटर में मारे गए 207 लोगों का एक ग्राफ शेयर कर दावा किया था कि इसमें 125 पीडीए के लोग थे। अखिलेश ने हालांकि ग्राफ में ये साफ नहीं किया कि ये डेटा कितने साल का है।

### जाति देख जान लेने का आरोप



"अखिलेश ने मंगेश यादव के एनकाउंटर के पहले ही दिन ट्रीट करके जाति देखकर जान लेने का आरोप लगाया था और कहा था कि जाति देखकर मुख्य आरोपी को सरेंडर करने दिया गया और बाकी के पैर में गोली मारी गई।

### जाति देखकर एनकाउंटर नहीं



"यूपी पुलिस जाति देखकर एनकाउंटर नहीं करती है। इस तरह के सभी आरोप निराधार हैं। पुलिस पूरी निष्पक्षता के साथ कार्रवाई करती है। मैं इस तरह के सभी आरोपों का खंडन करता हूं।

**-प्रशांत कुमार डीजीपी उत्तर प्रदेश**

### सरकार ने दिया था मजिस्ट्रेटी जांच का आदेश

योगी सरकार ने मंगेश यादव एनकाउंटर पर सवाल उठने के बाद मजिस्ट्रेट जांच का आदेश दिया है। योगी अखिलेश के हमलों का जवाब यह कहकर दे रहे हैं कि जब कोई डकैत मारा जाता है तो लगता है कि उनकी दुखती रग पर हाथ रख दिया हो। योगी यह भी कह रहे हैं कि सपा की सरकार में जो जितना बड़ा गुंडा होता था, उसे उतना ही बड़ा ओहदा मिलता था

## किसी भी हाल में भाजपा का समर्थन नहीं: शेख राशिद



**नई दिल्ली।** जेल से बाहर आते ही सांसद इंजीनियर राशिद ने भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर अनुच्छेद 370 और चुनाव को लेकर टिप्पणियां की है। जम्मू-कश्मीर के बारामुला लोकसभा सीट से सांसद राशिद शेख उर्फ इंजीनियर राशिद को बीते मंगलवार दिल्ली की पटियाला हाईकोर्ट ने 2 अक्टूबर तक के लिए अंतरिम जमानत दी है। राशिद ने कहा है कि वह पीएम मोदी के नया कश्मीर के नैरेटिव से लड़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा है कि मोदी का यह नैरेटीव जम्मू कश्मीर में पूरी तरह फेल हो चुका है। उन्होंने कहा, मैं कह देना चाहता हूं कि मोदी जी, डरो मत, डराओ मत। हम डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वह किसी भी हाल में भाजपा का समर्थन नहीं करेंगे।

## भाजपा: 8 दिन में सदस्यता संख्या दो करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** भाजपा के सदस्यता अभियान शुरू करने के महज आठ दिनों के भीतर पार्टी की सदस्यता संख्या दो करोड़ को पार कर गई है। पार्टी महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि बताया कि दो सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पार्टी का प्रथम सदस्य बनकर भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया था। उन्होंने बताया कि मंगलवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और संगठन मंत्री बीएल संतोष ने नौ प्रदेशों के साथ अलग-अलग बैठक कर सदस्यता अभियान की समीक्षा की।इन बैठकों में उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, कनार्टक, तमिलनाडु, गुजरात और राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री, सदस्यता प्रमुख और सदस्यता टोली के पदाधिकारी शामिल हुए।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने अनंतनाग में चुनाव सभा में की पांच गारंटियों की घोषणा

# 20 सीटें और मिलती तो 400 पार वाले जेल में होते... ये वहीं के लायक : खरगे

**एजेंसी** | अनंतनाग (जम्मू कश्मीर)

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जम्मू कश्मीर में राजनीतिक दलों के सियासी हमले तेज हो गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को इस केंद्र शासित प्रदेश के अनंतनाग में चुनाव सभा को संबोधित किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी का नाम लिए बिना खरगे ने कहा कि यदि हम 20 सीटें और जीत जाते तो 400 पार का नारा लगाने वाले जेल में होते। इसके साथ ही उन्होंने जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए 'पांच गारंटी' की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन के सत्ता में आने पर महिला उद्यमियों के लिए पांच लाख रुपए का ब्याज मुक्त ऋण और प्रति परिवार 25 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा शामिल है। खरगे ने कहा कि जैसा राजस्थान में हमने किया था, वैसा ही जम्मू-कश्मीर में लागू कर के दिखाएंगे। खरगे ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला और कांग्रेस नेता के सी वेणुगोपाल, सुबोध कांत सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी की 'पांच गारंटी' का उल्लेख किया। खरगे ने दोहराया कि पार्टी जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने का प्रयास करेगी।





उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश में द्वि-सदनीय विधायिका को बहाल करने का भी वादा किया। उन्होंने कहा, वे (भाजपा) पूछते रहते हैं कि हम यह कैसे करेंगे? जब लोग हमारे साथ होंगे, तो हम यह करेंगे क्योंकि यह लोगों की शक्ति है। खरगे ने कहा कि ये लोग ईडी और सीबीआई से हमें डराते हैं, लेकिन इंडी गठबंधन और समर्थक उनसे डरने वाले नहीं हैं। पार्टी समर्थकों को एक साथ खड़ा होना होगा और हमें एक-दूसरे पर आरोप लगाने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती थी 400 पार, 400 पार, आपकी 400 सीटें कहां हैं? वे इस बार 240 पर ही रुक गए। अगर हमारे पास 20 और सीटें होतीं, तो ये सभी लोग जेल में होते और ये वहीं होने के लायक हैं। उन्होंने कहा कि मैं सभी से अपील करता हूं कि वे गुस्सा न करें, बल्कि अपने हक के लिए लड़ें। आपका कप्तान मजबूत है, बेखौफ है और आपको किसी से भी डरने की जरूरत नहीं। हम जम्मू-कश्मीर में किसी भी समस्या को हल करने के लिए तैयार हैं। हमें जीतने की जरूरत है, हमें एक साथ लड़ने की जरूरत है, लेकिन लड़ते समय हमें एक-दूसरे पर आरोप नहीं लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान प्रवासी कश्मीर पंडितों के पुनर्वास के संबंध में किए गए वादे को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को भी संविधान में निहित उनके अधिकार मिलेंगे।

### युवाओं से रोजगार का वादा

खरगे ने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार इस क्षेत्र में कोई विनिर्माण या कारखाने की नौकरियां नहीं लाई हैं। मैं यह बताना चाहता हूं कि यहां इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास रुक गया है। यहां 1 लाख नौकरियां खाली हैं। अगर हम सत्ता में आए तो हम उन खाली पदों को भरेंगे। युवाओं को नौकरी मिलेगी।

### कांग्रेस की 5 गारंटी

- महिला उद्यमियों के लिए पांच लाख रुपए का ब्याज मुक्त ऋण
- प्रति परिवार 25 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा शामिल
- परिवार की महिला मुखिया को हर महीने 3,000 रुपए दिए जाएंगे
- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से प्रति व्यक्ति 11 किलोग्राम अनाज देने का प्रावधान करेंगे बहाल
- सरकारी नौकरियों में रिक्त पदों को भरा जाएगा

### घाटी को कांग्रेस और एनसी की जरूरत

खरगे ने कहा कि भाजपा आपको गरीब रखना चाहती है। ये लोग जम्मू-कश्मीर के लोगों को गरीब रखना चाहते हैं, वे सरकारी नौकरियां भी नहीं दे सकते जो अभी खाली हैं और वे यहां कोई बड़ी फैक्टरी भी नहीं लाए। वे कोई विनिर्माण भी नहीं लाए। इसलिए हमें यहां कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस को सत्ता में लाने की जरूरत है। अगर हम सत्ता में आए तो पर्यटन, विनिर्माण और इंटर्नशिप क्षेत्र हमारे फोकस में होंगे।

### कर्नाटक: नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें खारिज

# CM की कुर्सी खाली नहीं, मैं पद पर बना रहूंगा: सिद्धारमैया

**एजेंसी** | बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री का पद अभी किसी के लिए खाली नहीं है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे इस पद पर बने रहेंगे।

सिद्धारमैया की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण जमीन आवंटन मामले में उनके खिलाफ मुकदमे के लिए राज्यपाल की मंजूरी को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। इस बीच, कांग्रेस के कुछ नेता नेतृत्व परिवर्तन की स्थिति में मुख्यमंत्री बनने की इच्छा जताई है।

सिद्धारमैया ने मीडिया से बातचीत में कहा, किसी ने कोई बयान नहीं दिया। किसी ने नहीं कहा कि वे मुख्यमंत्री बनेंगे। (मुख्यमंत्री की) सीट खाली नहीं है। फिर कोई क्यों कहे कि वे मुख्यमंत्री बनेंगे? हर कोई यही कह रहा है कि सिद्धारमैया मुख्यमंत्री बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं ने यह बात कही है कि यदि सिद्धारमैया निर्देश देते हैं तो वह मुख्यमंत्री बन सकते हैं, लेकिन जब मुख्यमंत्री का पद खाली है ही नहीं तो वह फिर मुख्यमंत्री कैसे बनेंगे। उन्होंने साफ कहा कि इसमें कोई भी संदेह नहीं है कि वह मुख्यमंत्री के पद पर बने रहेंगे।

ज्ञात रहे कि मंगलवार को कर्नाटक के कई कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर मांग की थी कि मुख्यमंत्री पद के लिए दावेदारी करने वाले मंत्रियों को चेतावनी दें।



### शिवकुमार की राहुल से मुलाकात

उप मुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार को राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की स्थिति में मुख्यमंत्री के पद के प्रमुख दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। वहीं, गृह मंत्री जी. परमेश्वर और मंत्री सतीश जारकीहोली के नाम भी चर्चाओं में हैं। इस बीच, अमेरिका के दौरे पर गए डीसीएम डीके शिवकुमार ने मंगलवार को वाशिंगटन में राहुल गांधी से अनौपचारिक मुलाकात की। गृह मंत्री जी परमेश्वर और पीडब्ल्यूडी मंत्री सतीश जारकीहोली ने भी हाल में दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की थी।

### केरल: मंत्रियों के फोन टैप कराए जाने का आरोप

# राज्यपाल ने CM विजयन से मांगी रिपोर्ट

**एजेंसी** | तिरुवनंतपुरम

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने वामपंथी विधायक पी.वी.अनवर के कुछ मंत्रियों के फोन कॉल टैप किए जाने संबंधी आरोपों पर मुख्यमंत्री पिनरई विजयन से एक रिपोर्ट मांगी है। अनवर ने दावा किया है कि पुलिस ने मंत्रियों के फोन कॉल टैप कराए थे और कुछ पुलिस अधिकारी अवैध गतिविधियों में लिप्त हैं। एक आधिकारिक सूत्र ने खुलासा किया कि राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को एक पत्र भेजकर इस संबंध में सरकार की कार्रवाई पर जानकारी मांगी है। राजभवन, पुलिस द्वारा मंत्रियों के फोन कथित तौर पर





टैप कराए जाने को कानून और उच्चतम न्यायालय के दिशा निर्देशों का उल्लंघन मानता है। राज्यपाल ने अनवर और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी सुजीत दास के बीच फोन पर हुई बातचीत लीक होने के बारे में भी जानकारियां मांगी है। दास मलप्पुरम और पथनमथिट्टा के जिला पुलिस प्रमुख रह चुके हैं। बातचीत लीक होने के बाद दास को निलंबित कर दिया गया है। ज्ञात रहे कि मुख्यमंत्री विजयन पर उनके राजनीतिक सचिव पी सासी और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) एम आर अजित कुमार के खिलाफ कार्रवाई करने के बढ़ते दबाव के बीच राज्यपाल ने यह रिपोर्ट मांगी है।

### दो अधिकारियों पर सीएम का भरोसा तोड़ने का आरोप

अनवर ने सासी और अजित कुमार पर मुख्यमंत्री द्वारा जताए गए भरोसे को तोड़ने और अपनी जिम्मेदारियों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने मंत्रियों, नेताओं और पत्रकारों के फोन टैप कराए थे। अनवर ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी का सोना तस्करी गिरोहों से करीबी संबंध है और वह कई गंभीर अपराधों में शामिल हैं।

### अपर्णा यादव ने यूपी महिला आयोग के उपाध्यक्ष का पद संभाला

# मैं एकलव्य थी... अब अर्जुन की तरह करूंगी काम: अर्पणा यादव

**एजेंसी** | लखनऊ

सपा के संस्थापकर दिवंगत मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू और भाजपा की नेता अपर्णा यादव ने बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष का पदभार संभाल लिया। उन्होंने भाजपा परिवार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना परशुराम और खुद की तुलना एकलव्य से करते हुए कहा कि प्रतिभाशाली होने के बावजूद उन्हें अवसर नहीं दिया जा रहा था। हालांकि, उन्होंने कहा कि अब वह अर्जुन की तरह काम करेंगी।



अपर्णा ने पदभार संभालने के बाद यहां पत्रकारों से बात करते हुए इन अफवाहों को भी खारिज करने की कोशिश की कि विधानसभा चुनाव का टिकट नहीं मिलने या कोई अन्य जिम्मेदारी नहीं मिलने से वह भाजपा से नाराज हैं। उन्होंने कहा कि जब आप एक परिवार में होते हैं, तो सभी को अपनी बात रखने का अधिकार होता है। इसका मतलब यह नहीं है कि कोई परेशान या नाराज है। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश सरकार, संगठन और मेरी पार्टी की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी। अपर्णा यादव को पिछले हफ्ते उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया था। सोमवार शाम को उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और इन अफवाहों पर विराम लगा दिया कि वह फिर से सपा में शामिल होंगी।


### हरियाणा में सियासी पारा चढ़ा: आप के 30 प्रत्याशी और घोषित

# जुलाना में रेसलर Vs रेसलर: विनेश के सामने कविता दलाल मैदान में

**एजेंसी** | चंडीगढ़

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा के बीच सियासी पारा चढ़ता जा रहा है। कांग्रेस के साथ चुनाव गठबंधन में गतिरोध के बाद आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों की घोषणा का सिलसिला जारी है। पार्टी ने बुधवार को 30 और प्रत्याशियों के नाम घोषित कर किए हैं। इसके साथ ही पार्टी 70 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है।

आप ने राज्य की हॉट सीट बनकर उभरी जुलाना सीट से डब्ल्यूडब्ल्यूई (वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट) महिला रेसलर कविता दलाल को चुनाव मैदान में





उतारा है। यहां पर कांग्रेस के टिकट पर महिला पलहवान विनेश फोगाट चुनाव लड़ रही हैं। जबकि भाजपा ने वायु सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन योगेश बैरागी को टिकट दिया है। भाजपा ने अब तक 87 नाम नाम तय कर दिए हैं। जबकि कांग्रेस ने 41 नामों पर मुहर लगाई है।

### कौन हैं कविता दलाल

कविता दलाल डब्ल्यू डब्ल्यूई में भारत की प्रथम महिला रेसलर हैं।।लोग उन्हें 'लेडी खली' के नाम से भी जानते हैं। कविता का जन्म हरियाणा के जींद जिले के गांव मालवी में हुआ था। वह वर्ष 2022 में आमद आदमी पार्टी में शामिल हुई थी। क्या है डबल्यूडबल्यूई-डबल्यूडबल्यूई यानी वर्ल्ड रेसलिंग एनटरटेनमेन्ट, इंक.' एक अमेरिकी एकीकृत मीडिया तथा खेल मनोरंजन कंपनी है, जो पेशेवर कुश्ती से जुड़ी में है।

### गुरुग्राम में नए चेहरे पर दांव

आम आदमी पार्टी ने लाडवा में मुख्यमंत्री नायब सैनी के सामने जोगा सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। पार्टी ने टोहाना से सुखविंदर सिंह गिल को टिकट दिया है। इसके साथ ही पार्टी ने दिल्ली से सटे गुरुग्राम में नए चेहरे पर दांव खेला है। पार्टी ने निशांत आंनद को टिकट दिया है। पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के गृह जनपद हिसार से आप ने संजय सतरोडिया को चुनाव मैदान में उतारा है। आप आदमी पार्टी के अन्य प्रमुख उम्मीदवारों में करनाल से सुनील बिंदल, अंबाला कैंटोनमेंट से राजकुमार गिल और यमुना नगर से ललित त्यागी और सिरसा से शाम मेहता को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने तीसरी सूची मंगलवार रात को जारी की थी। पार्टी ने ने हरियाणा की 90 सीटों में से 61 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं।

### JJP-ASP के 18 प्रत्याशी घोषित निर्दलीय चौटाला को समर्थन

दूसरी ओर जननायक जनता पार्टी और आजाद समाज पार्टी (जेजेपी-एएसपी) गठबंधन ने बुधवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 18 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी है। इसमें जेजेपी के 15 और एएसपी के तीन उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। वहीं रानियां सीट से कोई उम्मीदवारों नहीं उतारने की घोषणा की गई है। यहां पर दोनों दलों ने निर्दलीय उम्मीदवार रणजीत चौटाला का समर्थन करने का ऐलान किया है। जेजेपी ने यमुनानगर से इंतजार अली गुर्जर, थानेसर से सूर्य प्रताप सिंह राठौड़ और इंद्री से कुलदीप मदान को टिकट दिया है। एएसपी ने रादौर से मंदीप टोपरा, रेवाड़ी से मोती यादव और फरीदाबाद से निशा बाल्मीकि को टिकट दिया है। इस प्रकार गठबंधन 58 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर चुका है।

### भाजपा के शेष तीन प्रत्याशी भी घोषित

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी है। इस सूची में 3 उम्मदीवारों के नाम हैं। पार्टी ने सिरसा से रोहताश जांगड़ा, महेंद्रगढ़ से कंवर सिंह यादव और फरीदाबाद एनआईटी से सतीश फागाना को टिकट दिया है। पार्टी ने महेंद्रगढ़ सीट से पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा का टिकट काट दिया है। एनआईटी फरीदाबाद से केंद्रीय राज्य मंत्री गुर्जर के बेटे देवेंद्र चौधरी को टिकट नहीं मिला है। उनकी जगह सतीश फागना को टिकट दिया गया है।

## जरूरी खबर

### J&K: सेना ने मुठभेड़ में दो आतंकियों को किया ढेर

**नई दिल्ली।** सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर में उधमपुर जिले के बसंतगढ़ के ऊपरी इलाकों में एक मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकियों को मार गिराया। मारे गए। इस क्षेत्र के घने जंगल में आतंकवादियों के खिलाफ यह पहला सफल अभियान है, जहां पिछले छह महीनों में छह से अधिक मुठभेड़ हो चुकी हैं। गत 28 अप्रैल को मुठभेड़ में एक ग्राम रक्षा रक्षक और 19 अगस्त को एक सीआरपीएफ इंस्पेक्टर शहीद हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि एक और आतंकवादी खंडरा टॉप पर अभियान क्षेत्र में छुपा हुआ है और उसके सफाए के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि इलाके में छिपे आतंकवादियों ने दोपहर लगभग 12.50 बजे तलाशी दल पर गोलीबारी शुरू कर दी। जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। सेना ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राइजिंग स्टार कोर के जवानों के साथ खंडरा में जारी मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए।

### सीजेआई चंद्रचूड़ के घर गणेश पूजा में शामिल हुए मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ के आवास पर गणेश पूजा समारोह में भाग लिया। पीएम मोदी जब मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ के घर पहुंचे तो उनका स्वागत सीजेआई और उनकी पत्नी ने किया। इस दौरान पीएम मोदी ने मराठी अंदाज में सफेद टोपी पहनी हुई थी। इसके बाद पीएम मोदी ने सीजेआई और उनकी पत्नी के साथ भगवान गणेश की पूजा की।

### यूपी: धर्म परिवर्तन मामले में 12 को उम्रकैद की सजा

**फतेहपुर/लखनऊ।** अवैध धर्मांतरण के मामले में मौलाना उमर गौतम व कलीम सिद्धिकी समेत दोषियों को एनआईए एटीएस कोर्ट ने सजा सुना दी है। मंगलवार को कोर्ट ने अवैध धर्मांतरण समेत अन्य धाराओं में दोषी पाया था। एनआईए एटीएस स्पेशल कोर्ट के जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने बुधवार को सुनवाई करते हुए 12 दोषियों को उम्रकैद और 4 दोषियों को 10-10 साल की सजा सुनाई है। धर्मांतरण कानून लागू होने के बाद उत्तर प्रदेश में पहली बार दोषियों सजा हुई है। बता दें कि 2021 में फतेहपुर की शिक्षिका कल्पना सिंह ने मौलाना उमर गौतम पर बच्चों का अवैध रूप से धर्मांतरण करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी।

## सेमीकॉन इंडिया-2024... पीएम ने देखी सेमीकंडक्टर पर प्रदर्शनी



**ग्रेटर नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ग्रेटर नोएडा में सेमीकंडक्टर पर आयोजित सेमीकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने वहां लगी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। प्रदर्शनी के दौरान 26 देशों से आई टीम के प्रतिनिधि पीएम मोदी को सेमीकंडक्टर के बारे मे जानकारी देते दिखाई दिए। इस दौरान उत्तर प्रदेश सीएम योगी आदित्यनाथ भी उनके साथ मौजूद रहे।

### ED: नीरव मोदी की 29.75 करोड़ की संपत्ति जब्त



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने भगोड़े नीरव मोदी की 29.75 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच कर दी है। इससे पहले भारत और विदेशों में नीरव और उसके सहयोगियों से जुड़ी 2,596 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की जा चुकी है। नीरव मोदी को दिसंबर 2019 में मुंबई पीएमएलए अदालत ने भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया था। उसे उसी साल लंदन में गिरफ्तार किया गया था। भगोड़ा नीरव वर्तमान में ब्रिटेन की जेल में बंद हैं और इस कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले के संबंध में भारत में अपनी प्रत्यर्पण याचिका हार गया है। इस मामले के मुख्य आरोपित नीरव और उसके चाचा मेहुल चोकसी के साथ-साथ अन्य लोगों के खिलाफ बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से धोखाधड़ी करने के आरोप में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में ईडी जांच कर रही है।

## पीएम मोदी ने किया सेमीकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन

# देश को सेमीकंडक्टर का पावर हाउस बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे: मोदी

### सिलिकॉन डिप्लोमेसी का युग-दुनिया की हर डिवाइस में हो भारत निर्मित चिप

**एजेंसी** | ग्रेटर नोएडा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि यह सिलिकॉन डिप्लोमेसी का युग है और भारत सेमीकंडक्टर पावरहाउस बनने के लिए हर कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार देश में चिप उत्पादन की संख्या बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि हर डिवाइस को भारत निर्मित चिप्स से लैस किया जा सके।




पीएम मोदी ने बुधवार को ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन के दौरान ये बातें कहीं। सेमीकॉन इंडिया में 26 देशों के 836 एक्जीबिटर और 50 हजार से अधिक विजिटर भाग ले रहे हैं। अपने संबोधन में पीए मोदी ने कहा कि भारत, दुनिया का आठवां देश है, जहां ग्लोबल सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री से जुड़ा यह आयोजन हो रहा है और मैं ये कह सकता हूं कि इसके भारत में आयोजन का यही सही समय है। उन्होंने कहा, आप सही समय पर सही जगह पर हैं। आज भारत दुनिया को भरोसा देता है, जब चिप्स डाउन हों तो आप भारत पर दांव लगा सकते हैं।

#### 500 बिलियन डॉलर के उद्योग का लक्ष्य

देश में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने इस दशक के अंत तक देश के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को 500 बिलियन डॉलर का उद्योग बनाने का लक्ष्य रखा है।

#### इससे 60 लाख नौकरियां होंगी पैदा

पीएम ने यह भी कहा कि इससे 60 लाख नौकरियां पैदा होंगी। मोदी ने डिजिटल इंडिया पहल की सफलता पर भी प्रकाश डाला और कहा कि देश इसके गुणात्मक प्रभाव को देख रहा है। उन्होंने कहा कि पहले देश मोबाइल फोन का आयात करता था, लेकिन अब यह मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक बन गया है।

#### 10 साल में 85 हजार इंजीनियर होंगे तैयार

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारतीय प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए अगले 10 साल में 85 हजार इंजीनियर और तकनीशियनों को तैयार करने का लक्ष्य है। इसके लिए 130 विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया है।

## पटना सीरियल ब्लास्ट: मोदी की रैली में हुए थे धमाके

# चार दोषियों की फांसी की सजा अब 30 साल की जेल में बदली

**एजेंसी** | पटना

हाईकोर्ट ने 2013 के सिलसिलेवार विस्फोट मामले में चार दोषियों की मौत की सजा बुधवार को 30 वर्ष की जेल में बदल दी। तब गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी की चुनावी रैली के दौरान गांधी मैदान में सिलसिलवार विस्फोट हुए थे। हाई कोर्ट के जस्टिस आशुतोष कुमार की अध्यक्षता वाली बेंच ने दो अन्य दोषियों की आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा है। एनआईए के विशेष लोक अभियोजक मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पटना हाई कोर्ट की बेंच ने जिन चार दोषियों की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदला गया है, उनमें हैदर अली, नोमान अंसारी, मोहम्मद मुजीबुल्लाह अंसारी और इम्तियाज आलम शामिल हैं। इसके अलावा, दो अन्य दोषियों उमर सिद्दीकी और अजहरुद्दीन कुरैशी को पूर्व में सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा गया है।




#### विशेष अदालत ने यह कहा फैसले में

साल 2021 में एनआईए स्पेशल कोर्ट ने बम धमाकों के 9 में से 4 दोषियों को फांसी की सजा सुनाई थी। वहीं दो दोषियों को आजीवन कारावास और दो अन्य को 10 साल जबकि एक को सात साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति बढ़ा आकर्षण

# तीन चौथाई अमीर विदेश में पढ़ाना चाहते हैं बच्चों को

**एजेंसी** | मुंबई

देश के संपन्न परिवारों में अपने बच्चों को विदेश में पढ़ाने को लेकर गहरा आकर्षण है। हाल ही में हुए एक सर्वे में इस बात का दावा किया गया है कि देश के तीन चौथाई अमीर अपने बच्चों को विदेशों में ही पढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने अपने बच्चों को शिक्षा के लिए या तो विदेश भेजा है या भेजने की योजना बना रहे हैं। मार्च में 1456 भारतीयों पर हुए सर्वेक्षण में कहा गया है कि 78 फीसदी लोगों ने कहा कि वे अपने बच्चों को विदेशों में पढ़ाने को इच्छुक हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि इसके



पीछे सबसे बड़ा कारण विदेश में शिक्षा की गुणवत्ता है। सर्वे में कहा गया है कि विदेशों में शिक्षा की अपेक्षित या वास्तविक लागत सालाना 62,364 डॉलर है और इसमें माता-पिता की सेवानिवृत्ति बचत का 64 प्रतिशत तक खर्च हो सकता है। अधिकांश माता-पिता विदेश में बच्चों की शिक्षा के लिए ना सिर्फ अपनी बचत राशि को खत्म कर देते हैं बल्कि कई माता-पिता तो भारी कर्ज लेते हैं, जबकि कई अपनी चल-अचल संपत्ति भी बेच देते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन 1456 भारतीयों पर यह सर्वे हुआ है उनके पास 84 लाख रुपए (एक लाख डॉलर) से लेकर लगभग 17 करोड़ रुपए (2 लाख डॉलर) का निवेश योग्य सरप्लस था। निवेश योग्य सरप्लस वह राशि होती है जो कुल संपत्ति से अलग रखी जाती है। विदेशी बैंक एचबीएससी द्वारा किए गए वैश्विक जीवन गुणवत्ता 2024 सर्वे में कहा गया है कि भारतीयों के लिए पसंदीदा देशों में अमेरिका सबसे ऊपर है। इसके बाद ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर का स्थान आता है। सर्वे के अनुसार भारतीय माता-पिता में बच्चों के लिए विदेश में शिक्षा की चाह इतनी प्रबल है कि वे आर्थिक कष्ट झेलने को भी तैयार रहते हैं। सर्वे में ये बात भी निकल कर सामने आई है कि कई माता-पिता अपने जीवन भर की कमाई और रिटायरमेंट में मिली राशि भी इस पर खर्च करने को बेकरार रहते हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि इसके पीछे सबसे बड़ा कारण विदेश में शिक्षा की गुणवत्ता है।

## समुद्र में ताकत बढ़ाने की तैयारी

# नौसेना के लिए होंगे तीन रक्षा समझौते

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय नौसेना निगरानी और युद्धक क्षमता बढ़ाने के लिए इस वित्तीय वर्ष के अंत तक कुल तीन बड़े रक्षा समझौते कर सकती है।

इन रक्षा समझौतों में 31 एमक्यू9बी ड्रोन सौदा, तीन अतिरिक्त स्कॉर्पीन पनडुब्बी और 26 राफेल एम युद्धक विमान शामिल है।

भारतीय नौसेना को इस वर्ष बजट में 61 हजार करोड़ रुपए की पूंजी देकर सरकार ने नौसेना के आधुनिकीकरण पर पूरा जोर दिया है। रक्षा सौदों के तहत इन परियोजनाओं के लिए सरकार को 15 प्रतिशत रकम का अग्रिम भुगतान करना है। वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों ने बताया कि इन रक्षा सौदों में सबसे पहले पूरा होने वाला एमक्यू-9बी ड्रोन है जिसे पनडुब्बी विध्वंसक युद्धक क्षमताओं से लैस किया जाएगा।

#### इनकी होगी खरीद

31 एमक्यू9बी ड्रोन सौदा, तीन अतिरिक्त स्कॉर्पीन पनडुब्बी व 26 राफेल एम युद्धक विमान

#### दो सेनाओं को आठ आठ ड्रोन मिलने हैं

उन्होंने कहा कि इस संबंध में अमेरिकी प्रस्ताव की वैधता इस साल 31 अक्टूबर तक ही रहेगी। इस परियोजना को इससे पहले ही पूरा कर लिया जाएगा। नौसेना को इसके तहत 15 ड्रोन मिलेंगे जबकि अन्य दो सेनाओं को आठ-आठ ड्रोन मिलने हैं। भारतीय शस्त्र प्रणाली के ड्रोन के साथ एकीकरण को लेकर भी दोनों पक्षों के बीच सहमति बन गई है। नेवल एंटी-शिप मिसाइल (शार्ट रेंज) के पूरी तरह से तैयार होते ही उन्हें ड्रोन से संबद्ध किया जाएगा।

## राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा: टिप्पणी को लेकर विरोध

# चीन से ठीक से नहीं निपट पा रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी : राहुल गांधी

### सिखों पर टिप्पणी : राहुल के निवास पर भाजपा का प्रदर्शन

**एजेंसी** | वाशिंगटन/ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को अमेरिका में एक कार्यक्रम के दौरान लद्दाख में चीन के द्वारा दिल्ली के बराबर की जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन से ठीक से नहीं निपट पा रहे हैं। इस बीच, राहुल गांधी की कुछ टिप्पणियों और भारत विरोधी अमेरिकी सांसद उमर उल्हान से मुलाकात पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और उनकी




आलोचना की है। सिखों को लेकर उनकी एक टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकताओं ने बुधवार को दिल्ली स्थित राहुल गांधी के आवास के बाहर हाथों में पोस्टर बैनर लेकर प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में सिख समुदाय के लोगों ने राहुल गांधी से माफी की मांग की है।

राहुल गांधी ने मंगलवार को वाशिंगटन डीसी में नेशनल प्रेस क्लब में अपने संबोधन के दौरान कहा कि चीनी सैनिकों ने लद्दाख में दिल्ली के बराबर जमीन पर कब्जा कर लिया है। यदि किसी पड़ोसी ने उसके 4,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया तो अमेरिका की क्या प्रतिक्रिया होगी। क्या कोई राष्ट्रपति यह कहकर बच पाएगा कि उसने इसे अच्छे से संभाला है।


#### पाकिस्तान कर रहा है आतंकी हमले

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान द्वारा हमारे देश में आतंकवाद को बढ़ावा देना दोनों देशों को पीछे धकेल रहा है। पाकिस्तान पीछे से हम पर हमला कर रहा है और हम यह स्वीकार नहीं करेंगे कि पाकिस्तान हमारे देश पर इस तरह से हमले करता रहे।। जब तक पाकिस्तान इस तरह से करता रहेगा दोनों देशों के बीच बीच की समस्याएं हल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बंगलादेश में चरमपंथी तत्वों को लेकर भारत में चिंताएं हैं और हम उनमें से कुछ चिंताओं को साझा करते हैं। हालांकि, मुझे विश्वास है कि बंगलादेश में चीजें स्थिर हो जाएंगी और हम वर्तमान सरकार या उसके बाद आने वाली किसी भी सरकार के साथ संबंध बनाने में सक्षम होंगे।

#### भारत विरोधी सांसद उमर उल्हान से की मुलाकात

राहुल ने अपनी यात्रा के दौरान भारत विरोधी अमेरिकी सांसद इल्हान उमर से भी मुलाकात की है। इल्हान उमर ने कुछ समय पहले पीओके की यात्रा की थी। साथ ही उन्होंने कश्मीर पर भारत के नियंत्रण की भी आलोचना की थी। ऐसा माना जाता है कि इल्हान की पीओके यात्रा पाकिस्तान के द्वारा प्रायोजित थी। राहुल गांधी के साथ इल्हान उमर की एक तस्वीर सोशल मीडिया में वायरल हो रही है।

#### राहुल ने आरक्षण पर असली चेहरा दिखा दिया: शाह



आरक्षण को लेकर राहुल गांधी की एक टिप्पणी को लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने उन पर तीखा हमला बोला है। अमित शाह ने कहा, आरक्षण समाप्त करने की बात करके राहुल गांधी एक बार फिर कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा सामने लाए हैं। राहुल का बयान क्षेत्रवाद, धर्म और भाषा के आधार पर दरार पैदा करने की कांग्रेस की राजनीति को उजागर करता है। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, देशविरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आदत सी बन गई है। चाहे जम्मू-कश्मीर में JKNC के देशविरोधी और आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो, या फिर विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें करनी हो, राहुल गांधी ने देश की सुरक्षा और भावना को हमेशा आहत किया है। राहुल गांधी ने आरक्षण पर एक सवाल के जवाब में कहा था कि अभी आरक्षण को खत्म करने का सही समय नहीं आया है।

## अक्षयपात्र मंदिर में राधा अष्टमी मनाई, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने सपरिवार किया बरसाने की लाड़ली का स्वागत

# राधा रानी परब्रह्म परमात्मा का प्रेम अवतार है: विनायक शर्मा

बेधड़क | जयपुर


अक्षयपात्र मंदिर में राधा अष्टमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। भव्य, दिव्य और उत्साह के साथ धूम धाम से बरसाने की लाडली का स्वागत किया गया। राधा अष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम में सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने सपरिवार शिरकत की। इस दौरान सच बेधड़क के मैनेजिंग एडिटर दशरथ सिंह भी मौजूद रहे। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विनायक शर्मा ने भगवती राधा के बारे में विचार रखे। उन्होंने कहा कि भगवती राधा बहुत रहस्यमयी तत्व है।

हम उपासना आराधना करते हैं, लेकिन सभी के मन में प्रश्न होता है कि श्रीमद् भागवत में राधा का नाम क्यों नहीं है। आखिर राधा की उपासना और रहस्य क्या है। इसका सच यह है कि भगवान शिव जब मां अंबा पार्वती को आगम और निगम की शिक्षा दे रहे थे, तब मां पार्वती ने राम तत्व के बाद राधा तत्व के बारे में भगवान शिव से पूछा, तब भगवान शिव ने कहा था कि मुझे कृष्ण से मनाई है कि राधा तत्व को खोला ना जाए।

जब हमारी चेतना संसार की तरफ जाने के बाद विपरीत होकर भीतर की ओर चली जाएगी तो यही धारा राधा बन जाएगी और हमें प्रियतम से मिला देगी परम ब्रह्म परमात्मा से मिला देगी। जिस तरह परम ब्रह्म परमात्मा का योगेश्वर स्वरूप श्री कृष्णा है, इस प्रकार परम ब्रह्म परमात्मा का प्रेम स्वरूप श्री राधा है। इसलिए हमें भौतिक कार्य और जिम्मेदारियों के अलावा परमात्मा की तरफ ध्यान लगाना चाहिए, क्योंकि जीवन का सार परमात्मा की भक्ति ही है। इसलिए परमात्मा को खुद में भी ढूंढना होगा।









### श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में राधाष्टमी की धूम

कृष्ण का अर्थ है सर्व आकर्षक अर्थात सबको आकर्षित करने वाला, पूरी सृष्टि उनके रूप और आकर्षण से मोहित है, लेकिन श्रीमती राधा की दिव्यता इतनी महान है कि वो स्वयं कृष्ण को आकर्षित करती हैं| राधाष्टमी के दिन श्री राधा रानी का आविर्भाव दिवस मनाया जाता है, श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में भी राधाष्टमी का भव्य आयोजन किया गया जिसमे भक्तों ने श्री राधा और कृष्ण के नयनाभिराम दर्शन किये और उनसे आशीर्वाद लिया।

### श्री राधा और कृष्ण का किया अभिषेक

राधाष्टमी पर मंदिर के सुधर्मा हाल में श्री राधा और कृष्ण का 108 कलशों, नारियल पानी, पंचामृत, पंचगव्य, फलों के रस से महाभिषेक हुआ, इसके बाद महारती की गई। भव्य पोशाकों से सुसज्जित राधा कृष्ण के विग्रहों को भव्य पालकी में दर्शन के लिए लाया गया। भक्त पालकी के आगे नाचते गाते पुष्प वर्षा करते हुए हरे कृष्ण संकीर्तन का जाप करते रहे, जिसे पूरा वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो गया। मंदिर के अध्यक्ष अमितासना दास ने भक्तों को राधाष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए जानकारी दी कि कलियुग में श्री चैतन्य महाप्रभु को भगवान श्री कृष्ण और श्री राधारानी की संयुक्त पहचान के रूप में वर्णित किया गया है। हरे कृष्ण महामंत्र में 'हरे' शब्द श्रीमती राधा रानी को इंगित करता है, राधा कृष्ण की आंतरिक शक्ति हैं,उनकी ह्लादिनी शक्ति हैं और उनके आनंद का सार हैं।

## विशेष बच्चों ने प्रकृति के बीच बर्ड वॉचिंग कर जाना उनका मिजाज



**बेधड़क. जयपुर।** उमंग के विशेष बच्चों ने प्रकृति के बीच कानोता में बर्ड-वॉचिंग की। बच्चों को प्रकृति से जोड़ने के उद्देश्य ट्रिप का आयोजन उमंग ने प्रकृति एनजीओ के सहयोग से किया। ट्रिप के दौरान बच्चों ने प्रकृति की सैर की। विभिन्न बर्ड स्टेशनों से बर्ड्स को देखा और प्रकृति से जुड़ी कई गतिविधियों में भाग लिया। पर्यावरण के प्रति जुड़ाव को महसूस किया। इससे वे प्रकृति को और अधिक जानने के लिए उत्साहित और प्रेरित नजर आए। पिछले वर्षों में उमंग ने प्रकृति एनजीओ के साथ मिलकर कई टॉक्स, स्लाइड शो और कला गतिविधियां आयोजित की हैं। दो वर्ष पहले उमंग ने प्रकृति एनजीओ के साथ कैम्पेन भी चलाया था, जिसका उद्देश्य बर्ड वॉचिंग पर ध्यान केन्द्रित करते हुए उनके आसपास की प्राकृतिक सुंदरता से परिचित कराना और उसके प्रति संवेदनशील बनाना था। इसी के तहत हाल ही में बच्चों के लिए बर्ड वॉचिंग एक्सपीरियंस का आयोजन किया गया।

## जिफ के लिए मांगी फिल्में

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर इंटरेनशनल फिल्म फेस्ट के लिए फिल्मों की एंट्री की जा रही है। ऐसे में ऑन लाइन सबमिशन शुरू किए गए हैं, जो 15 सितंबर तक जारी रहेंगे। ऐसे में युवा और हर तरह के फिल्मकार अपनी फिल्मों की एंट्री दे सकते हैं। इस बार भी विदेशी फिल्मों की एंट्री खास रहेगी, जिसमें जयपुर के युवाओं को सीखने को मिलेगा।

## 'नाग का हार' में बच्चों ने दिया संदेश



**बेधड़क. जयपुर।** प्रतापनगर के श्रीशांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में चातुर्मासरत उपाध्याय उर्जयंत सागर महाराज के सान्निध्य में जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा 'नाग का हार' लघु नाटिका का मंचन किया गया। ज्योति जैन बावड़ी ने बताया कि बच्चों द्वारा लघु नाटिका की प्रस्तुति दी गई, जिसमें दिखाया गया कि नियम पर अटूट श्रद्धा रखने से उसका हमें कितना बड़ा पुण्य मिलता है। नाटिका में बताया गया कि रात्रि में जल पान नहीं करना चाहिए। इस अवसर पर चातुर्मास मंदिर अध्यक्ष कमलेश जैन, मुख्य संयोजक जिनेन्द्र जैन, युवा मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चंद जैन, समाजसेवी पुरण गंगवाल चौरू, अमन जैन, बाबू लाल जैन ईटूंडा, प्रमोद जैन बावड़ी, मनीष जैन टोरड़ी, पारस जैन, अनुश्री जैन, ममता गंगवाल, अनीता जैन ईटूंडा रहे। मंच संचालन मनीष जैन टोरड़ी ने किया।

# City इवेंट्स

## लद्दाख मैराथन प्रतिभागियों का सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** लद्दाख मैराथन में जयपुर के रनर्स ने विश्वभर के प्रतिभागियों के बीच लोहा मनवाया। बुधवार को बिरला ऑडिटोरियम स्थित महाराजा कैफे में लद्दाख मैराथन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। समारोह में क्लब के सह-संस्थापक मुकेश मिश्रा और रवि गोयनका, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट नितिन गुप्ता और सचिव निपुन वाधवा सहित जयपुर रनर्स क्लब के डायरेक्टर्स और सदस्य उपस्थित रहे।

## श्लोकों के संग संवाद-नृत्य की जुगलबंदी



**बेधड़क. जयपुर।** रॉयल क्लब ने नारी अस्मिता पर जो प्रश्न उठ खड़े हुए हैं उनका उत्तर देने पर चर्चा की। इसके लिए सितंबर माह की मीटिंग की गई, जो कुछ सवालों के ईर्द-गिर्द थी। इस दौरान गीता के श्लोकों के साथ संवाद और संगीत नृत्य की जुगलबंदी भी खास रही। रुचि जैन, अंशु डागा, अनिता जैसलमेरिया, स्निग्धा जैन, शालिनी अग्रवाल, मधु कोचर, सरिता खंडेलवाल, मोनिका गर्ग, कीर्ति चेलानी, स्वाति संभारिया और रुचि गोयल अभिनीत ने नृत्य नाटिका को पेश किया। इस अवसर पर मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग कन्हैया कलावत द्वारा दी गई।

## पदयात्रा के पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क, जयपुर।** धर्म प्रभावना और भगवान महावीर के सिद्धांतों तथा अहिंसा, शाकाहार के प्रचार प्रसार में पदयात्राओं की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह बात भट्टारकजी की नसियां में दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष एडवोकेट सुधांशु कासलीवाल ने कही। इस मौके पर उन्होंने श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ जयपुर द्वारा आयोजित जयपुर से श्री महावीर जी जाने वाली 38वीं पदयात्रा के पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर संघ के संरक्षक सुभाष चंद जैन, पदयात्रा के संयोजक भाग चन्द गोधा, पूर्व संयोजक सुरेश ठोलिया, सूर्य प्रकाश छाबड़ा, अमर चन्द दीवान 'खोराबीसल', राजेंद्र जैन मोजमाबाद,राज कुमार बड़जात्या आदि उपस्थित थे।

## 'दशलक्षण पर्व' पर नाटक का मंचन

# रिश्तों के बीच स्लो पॉइजन का काम कर रहा मोबाइल फोन



बेधड़क | जयपुर

जयपुर के जनकपुरी जैन मंदिर में 'दसलक्षण पर्व' पर दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान के श्रीसंत सुधासागर कन्या आवासीय महाविद्यालय की छात्राओं ने मोबाइल के उपयोग और उसके दुष्प्रभावों नाटिका 'स्लो पॉइजन' का मंचन किया गया। नाटिका में 30 बालिकाओं ने भाग लिया, जिनका नेतृत्व अध्यापिका ज्ञानुमति, रेखा, अनिता संध्या व रेणु जैन ने किया। समाज में बढ़ते अलगाव, मोबाइल और सोशल मीडिया के खतरों के प्रति जागरूकता का संदेश देने के साथ ही बच्चों और युवाओं को समझाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रमेश चन्द अरविंद प्रिया साखूनियां ने चित्र अनावरण व दीपक अरविंद माणकलाल जैन पूना वालों द्वारा उद्घाटन के साथ हुआ। नाटिका में दर्शाया गया कि सोशल मीडिया पर जो आभासी छवि बनाई जाती है वह कई बार युवाओं को भ्रमित कर देती है, जिससे वे विवाह जैसे महत्वपूर्ण निर्णय जल्दबाजी में ले लेते हैं और बाद में पछताते हैं। कार्यक्रम का संचालन शिखर चन्द जैन द्वारा किया गया तथा मंगलाचरण बालिकाओं ने आचार्य विद्यासागर को वन्दन करते हुए किया। नाटिका के दौरान जैन समाज के श्रावक, महिला मंडल, जैन युवा मंच के अलावा युवा महासभा के अध्यक्ष प्रदीप जैन व महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, दिगंबर जैन महासभा के पदाधिकारी अनिल जैन, सुरेंद्र पांड्या आदि उपस्थित रहे। अंत में प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने आभार जताया।

## पहली बार राजस्थान के बाहर होगी IHHA मीटिंग

# विरासत वाले क्षेत्रों को संरक्षण और समर्पित प्रयासों की जरूरत



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में हेरिटेज टूरिज्म पॉलिसी है, लेकिन केन्द्र सरकार के लिए भी देश भर में विरासत संरक्षण और संवर्धन के लिए व्यापक फ्रेमवर्क तैयार करने के लिए एक समान नीति स्थापित करना जरूरी है। शेखावाटी और चेट्टीनाड जैसे विरासत वाले क्षेत्रों को समर्पित संरक्षण प्रयासों की आवश्यकता है। भारत सरकार को विभिन्न राज्यों में इन पहलों को समर्थन देने के लिए कोष आवंटित करना चाहिए। इन बिंदूओं को भारतीय हेरिटेज होटल एसोसिएशन (आईएचएचए) के 11वें वार्षिक कन्वेंशन में रखा जाएगा, जो 19-20 सितंबर को तमिलनाडु के तंजावूर में इंडेको होटल स्वामीमलाई कुंभकोणम में होगा। यह विचार आईएचएचए जनरल सेक्रेटरी कैप्टन गज सिंह ने जयपुर की अलसीसर हवेली में रखे। उन्होंने कहा कि जयपुर के पुराने शहर, आमेर और कोटा में चंबल रिवरफ्रंट का रीडवलपमेंट अन्य पर्यटन स्थलों के लिए अनुकरणीय मॉडल के रूप में काम करेगा। ईएचएचए कन्वेंशन चेयरमैन राजेंद्र सिंह पचार ने 2 दिवसीय कन्वेंशन के दौरान होने वाले कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। कहा कि इस वर्ष एजीएम और कन्वेंशन की थीम 'रिवाइटलाइजिंग इंडियन हेरिटेज' है। यह पहली बार है जब राजस्थान के बाहर किसी अन्य राज्य में आईएचएचए एजीएम और कन्वेंशन हो रहा है। कार्यक्रम में पूरे भारत से लगभग 150 हेरिटेज होटलियर्स के शामिल होने की उम्मीद है।

**स्टार्टअप समिट** एक्सपो की हुई शुरुआत, देश भर के विशेषज्ञों ने किया मोटिवेट

# प्रॉब्लम का मतलब ही अवसर, इसलिए बड़े ख्वाब देखें

बेधड़क | जयपुर

'सफलता की परिभाषा सबकी अपनी-अपनी होती है। इसके जरिए आप सफल हों या असफल हों, वह आप पर निर्भर होता है। जीवन बहुत छोटा है, इसे शानदार तरीके से जीएं। बड़े ख्वाब देखें और पूरी ताकत से इन्हें पूरा करने में जुट जाएं।' यह कहना था इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड कम्युनिकेशन कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का। वे राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में शुरू हुए दो दिवसीय स्टार्टअप समिट व एक्सपो के उद्घाटन समारोह



में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। डिपार्टमेंट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी एंड कम्युनिकेशन के आई स्टार्ट और द एसोसिएशन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया की ओर से हो रही समिट में देशभर के सक्सेसफुल स्टार्टअप फाउंडर, यंग इनोवेटर्स, बॉलीवुड स्टार्स भाग ले रहे हैं। वे युवाओं के साथ अपनी सफलता के किस्से शेयर कर रहे हैं। इसमें देशभर के 3000 हजार से अधिक लोग हिस्सा ले रहे हैं।

### भारत के लिए दुनिया में ने बिछाया रेड कारपेट

कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने युवाओं को मोटिवेट करते हुए कहा कि वर्तमान में आप ऐसे भारत में जी रहे हैं, जिसके लोगों के लिए दुनिया रेड कार्पेट बिछाए बैठी है। एसोचैम, राजस्थान के चेयरपर्सन आर्किटेक्ट तुषार सोगानी ने समिट की जानकारी दी। एसोचैम राजस्थान सेक्रेटरी जनरल दीपक सूद ने एसोचैम की गतिविधियों की जानकारी दी। एसोचैम राजस्थान के वाइस चेयर विष्णु मोहन झा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### आइडिया प्रॉब्लम सॉल्विंग होना चाहिए

एसोचेम राजस्थान स्टार्टअप काउंसिल चेयरमैन परेश गुप्ता और स्टडी बेस के फाउंडर अनुज आहूजा द्वारा स्टूडेंट की वर्कशॉप ली गई। इसमें परेश ने कहा कि स्टार्टअप के लिए प्रॉब्लम का मतलब ही अवसर हैं। अनुज आहूजा ने बताया कि स्टार्टअप का आइडिया प्रॉब्लम सॉल्विंग होना चाहिए। उन्होंने बिजनेस मॉडल कैनवस व आइडिया के वेलिडेशन की जानकारी भी दी। गेम आर्ट ट्रेनर हितेश जैन ने एनिमेशन, विजुअल इफैक्ट्स, गेमिंग एंड कॉमिक्स के बारे में बताया।

### विभिन्न विषयों पर राउंड टेबल चर्चा

समिट के तहत विभिन्न विषयों पर सेशन और राउंड टेबल आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें स्टार्टअप को आगे कैसे बढ़ाएं, फाइनेंस, ऑनलाइन गेमिंग, आईटी, एवीजीसी, साइबर सिक्योरिटी, नवाचार, कौशल विकास, जैसे विषयों पर एक्सपर्ट के द्वारा चर्चा की जा रही है। साथ ही पैनल डिस्कशन, मास्टर क्लास, राउंडटेबल, उत्पाद प्रदर्शन-एक्सपो और नेटवर्किंग का संयोजन किया गया है।

### खान यूनिस इलाके में इजराइली सेना का बड़ा हमला

# हमास के 3 टॉप कमांडरों समेत 19 की मौत, कई मलबे में दबे

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल और हमास के बीच जारी जंग को एक साल होने वाला है। इजराइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। वहीं, हमास भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। इन सबके बीच, इजराइली सेना ने दक्षिण गाजा में एक हमले में हमास के तीन टॉप कमांडरों को ढेर करने का दावा किया है। गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों ने इजराइली सेना के इस हमले के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि हमलों में खान यूनिस के मवासी इलाके में विस्थापित फिलिस्तीनियों के एक भीड़ भरे टेंट कैंप को निशाना बनाया गया। इस हमले में कम से कम 19 लोग मारे गए, वहीं, कई लोग मलबे में फंस गए और कई घायल हो गए। इस हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो फुटेज में कई तंबुओ में आग लगी देखी जा सकती है। वहीं, कई जगहों पर बड़े-बड़े गड्ढे दिखाई दे रहे हैं।

इजराइली सेना ने भी अपने हमले के बारे में एक बयान जारी किया है। इस बयान में आईडीएफ ने बताया कि उसने खुफिया सूचना के आधार पर खान यूनिस में हमला किया। यहां मानवीय क्षेत्र के अंदर स्थित एक कमांड और नियंत्रण केंद्र के भीतर हमास के टॉप कमांडर थे, जिन्हें निशाना बनाया गया था।





### हमास के इन कमांडरों की मौत

इजराइली सेना ने अपने बयान में बताया कि हमलों में गाजा पट्टी में हमास की हवाई इकाई के प्रमुख समर इस्माइल खादर अबू दक्का, हमास के सैन्य खुफिया मुख्यालय में निरीक्षण विभाग के प्रमुख ओसामा ताबेश और हमास के एक वरिष्ठ आतंकवादी अयमान मबौह की मौत हो गई। सेना ने यह भी कहा कि ये तीनो आतंकी 7 अक्तूबर, 2023 को दक्षिणी इजराइल पर हमास के हमले में सीधे तौर पर शामिल थे। इतना ही नहीं. ये हाल ही में इजराइली रक्षा बलों और इजराइल के खिलाफ आतंकी गतिविधियों की योजना बना रहे थे।

### अल-फारूक मस्जिद पर भी किया हमला

इसके अलावा, इस्राइली सेना ने मध्य गाजा में ब्यूरिज शरणार्थी शिविर में अल-फारूक मस्जिद पर एक और हमला किया। इस हमले को लेकर आईडीएफ ने कहा कि उसका उद्देश्य मस्जिद के भीतर स्थित हमास के एक अन्य कमांड और नियंत्रण केंद्र को नष्ट करना था।

### इजराइल के पूर्व सेना प्रमुख बेनी गैंट्ज की बेंजामिन नेतन्याहू को चेतावनी

इससे पहले, हाल ही में इजराइली युद्ध कैबिनेट के पूर्व सदस्य बेनी गैंट्ज ने चेतावनी दी थी कि इजराइल को हिजबुल्ला और लेबनानी सीमा की ओर ध्यान देना चाहिए। यहां पहले ही देर हो चुकी है। दरअसल, साल 2011 में सीरिया में गृह युद्ध की शुरुआत के बाद से इजराइल और ईरानी समर्थक समूह आए दिन एक दूसरे को निशाना बना रहे हैं। इस पर लेबनानी समूह का कहना है कि वह गाजा में चल रहे युद्ध में अपने सहयोगी हमास के समर्थन में काम कर रहा है।

### संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने जताई थी चिंता

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने सोमवार को इजराइल और हमास के बीच गाजा में चल रहे संघर्ष विराम की निगरानी करने की पेशकश की। अपने सात साल से अधिक के कार्यकाल में उन्होंने गाजा संघर्ष को अब तक की सबसे बुरी घटना बताया। साथ ही गाजा में मौत और विनाश को रोकने की मांग की। गुटरेस ने एक साक्षात्कार में कहा कि यह सोचना अवास्तविक है कि संयुक्त राष्ट्र गाजा संघर्ष को रोकने में भूमिका निभा सकता है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को इजराइल द्वारा स्वीकार किए जाने की संभावना नहीं है। लेकिन, 'संयुक्त राष्ट्र किसी भी संघर्ष विराम का समर्थन करने के लिए उपलब्ध रहेगा।' संयुक्त राष्ट्र के पास 1948 से मध्य पूर्व में एक सैन्य निगरानी मिशन है, जिसे यूएनटीएसओ के नाम से जाना जाता है। गुटरेस ने कहा, 'हमारी ओर से, यह उन परिकल्पनाओं में से एक थी, जिसे हमने मेज पर रखा है।'

### क्या है 7 अक्टूबर का मामला!

सात अक्टूबर को दक्षिणी इस्राइल में हुए आतंकी हमले में 1205 लोग मारे गए थे और लगभग ढाई सौ लोगों को बंधक बनाया गया था। इनमें से अभी 97 गाजा में ही है, जबकि 33 बंधकों की मौत हो चुकी है। हमास के जिस समूह ने इजराइल पर हमला किया था, उसका नेतृत्व याह्या सिनवर ने ही किया था। इसके बाद इजराइल ने जवाबी कार्रवाई की, जो अभी भी जारी है। हमास द्वारा संचालित क्षेत्र में स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार गाजा में इजराइल के जवाबी हमले में अब तक कम से कम 40,972 लोग मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय का कहना है कि मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं।

### क्या है फतह 360... जिससे आशंकित है यूरोप

# अचानक यूक्रेन पहुंच गए UK व US के विदेश मंत्री

**एजेंसी** | कीव

रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों ही देश एक-दूसरे पर आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। रूसी सेना पूर्वी यूक्रेन में लगातार आगे बढ़ती जा रही है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि पश्चिमी रूस में यूक्रेनी हमलों के बावजूद उसकी सेना पूर्वी यूक्रेन में 1,000 वर्ग किमी तक आगे बढ़ चुकी है।

इस बीच, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड लैमी यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात करने के लिए अचानक एक साथ यात्रा कर कीव पहुंचे हैं। दोनों नेता पोलैंड के सीमावर्ती शहर प्रजेमिस्ल से रेल मार्ग से कीव पहुंचे हैं। माना जा रहा है कि दोनों नेता इस दौरे पर पश्चिमी देशों से और अधिक हथियार भेजने और रूस की भौगोलिक सीमा के अंदर उनके इस्तेमाल पर लगे प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा करेंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति पिछले कुछ महीनों से पश्चिमी देशों खासकर ब्रिटेन और अमेरिका पर लगातार दबाव बनाते रहे हैं कि उसे रूस के खिलाफ लंबी दूरी की मिसाइलों का इस्तेमाल करने की इजाजत दें लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन इसका विरोध करते रहे हैं।



### अमेरिका बड़े हथियारों की नहीं दे रहा अनुमति

अमेरिका समेत तमाम पश्चिमी देशों को लगता है कि इन घातक हथियारों के इस्तेमाल की इजाजत देने से दो परमाणु संपन्न देश (अमेरिका और रूस) आमने-सामने आ जाएंगे और विश्व युद्ध के हालात बन जाएंगे। इधर, ईरान ने रूस को छोटी दूरी की फतह-360 बैलिस्टिक मिसाइलों की बड़ी खेप भेजी हैं। इससे अमेरिका और ब्रिटेन समेत तमाम पश्चिमी देशों के बीच ये आशंका गहरा गई है कि रूस इन बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल यूक्रेन के उन इलाकों में कर सकता है, जो अब तक जंग में अछूते रहे हैं और जहां रूसी सैनिक नहीं पहुंच सके हैं।

### भारतीय छात्रों के सपनों पर लगेगा ब्रेक!

# कनाडा में स्टडी वीजा में 50% कटौती संभव

**एजेंसी** | टोरंटो

जो लोग हायर स्टडीज के लिए विदेश, खासकर कनाडा जाना चाहते हैं, हो सकता है कि इस साल यह सपना अधूरा रह जाए। कनाडा ने इस साल अपने स्टूडेंट वीजा के नियमों को कड़ा कर दिया है और पिछले सालों की तुलना में इस बार बहुत कम वीजा जारी करने की योजना बनाई है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा की इस नई नीति से भारतीय छात्रों के लिए वहां जाकर पढ़ाई करना पहले से ज्यादा मुश्किल हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार इस साल कनाडा में जारी होने वाले स्टूडेंट वीजा की संख्या में करीब 50% की गिरावट आने की संभावना है।

### इस साल शुरुआत से अप्रूवल में गिरावट

इस साल की शुरुआत में ही भारतीय छात्रों के स्टूडेंट वीजा अप्रूवल में गिरावट आई है, जो यह संकेत देता है कि आगे भी स्थिति और



बिगड़ सकती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2023 में कनाडा ने 4,36,000 स्टडी परमिट जारी किए थे, लेकिन 2024 के अंत तक यह संख्या घटकर सिर्फ 2,31,000 तक सीमित रह सकती है। इसका मतलब है कि पिछले साल की तुलना में इस साल 39% कम स्टडी परमिट्स जारी किए जाएंगे।

### यह बताई जा रही वजह

रिपोर्ट के मुताबिक वर्तमान में 3.2 लाख भारतीय छात्र कनाडा में पढ़ाई और काम कर रहे हैं, जो वहां की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कनाडा ने इस साल विदेशी छात्रों की संख्या सीमित करने का फैसला क्यों किया, इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। फाइनेंशियल बर्डन यानी वित्तीय बोझ के बढ़ने से इमीग्रेशन पॉलिसी में सख्ती लाई गई है। इसका सीधा असर उन छात्रों पर पड़ रहा है, जो उच्च शिक्षा के लिए कनाडा जाना चाहते थे।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl